

बाल दिवस आज -पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस

इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ

04
नडेला को पीछे छोड़ सुंदर पिचाई बने नं. 1



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, शनिवार, 14 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 56, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

# साइबर हमले की आशंका से एमपी में हड़कंप सरकार ने 22 सरकारी वेबसाइटें कीं बंद



मृदुभाषी। भोपाल

संभावित साइबर हमले के खतरे को देखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए 22 सरकारी वेबसाइटों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।

इन वेबसाइटों को ऑफलाइन रखने के पीछे सर्वर में इस्तेमाल हो रहे पुराने पीएचपी संस्करण को लेकर सामने आई सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं। सरकार का उद्देश्य किसी भी संभावित साइबर हमले से पहले तकनीकी खामियों को दूर करना और सरकारी डेटा को सुरक्षित रखना है। सर्वर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के बाद इन वेबसाइटों को चरणबद्ध तरीके से फिर से शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने 22 अक्टूबर को देशभर के लिए साइबर सुरक्षा अलर्ट जारी किया था। इसके बाद मध्यप्रदेश सरकार ने सरकारी वेबसाइटों और सर्वर की सुरक्षा की समीक्षा शुरू की। जांच और तकनीकी आकलन के दौरान पुराने सॉफ्टवेयर संस्करण से जुड़े संभावित जोखिमों को देखते हुए 22 वेबसाइटों को फिलहाल ऑफलाइन करने का निर्णय लिया गया। सरकार का मानना है कि समय रहते सुरक्षा उपाय करना किसी बड़े साइबर हमले और डेटा के नुकसान से बचने जरूरी है।

**90 प्रतिशत वेबसाइटें पीएचपी तकनीक पर आधारितः** राज्य की लगभग 90 प्रतिशत सरकारी वेबसाइटें पीएचपी तकनीक का उपयोग करती हैं। ऐसे में इस तकनीक के पुराने संस्करणों में मौजूद सुरक्षा संबंधी कमियां सरकारी डिजिटल व्यवस्था के लिए जोखिम पैदा कर सकती हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेल्वेंद्रन ने बताया कि डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वेबसाइटों को अस्थायी रूप से ऑफलाइन किया गया है। सर्वर को अपडेट करने और उसकी तकनीकी खामियों को दूर करने का काम किया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद वेबसाइटों को दोबारा शुरू किया जाएगा।

## माइक्रोसॉफ्ट की वैश्विक तकनीकी गड़बड़ी

# 70 से अधिक देशों में कामकाज ठप

मृदुभाषी। नई दिल्ली

वैश्विक तकनीकी बुनियादी ढांचे की निर्भरता ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय कारोबार और एविएशन सेक्टर की धड़कनें बढ़ा दी हैं, जब क्लाउड दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट की प्रमुख सेवाओं में आई वैश्विक तकनीकी गड़बड़ी के कारण 70 से अधिक देशों में कामकाज चरमरा गया।

इस बड़े डिजिटल संकट के बीच देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि वैश्विक तकनीकी संकट के बावजूद उसका मुख्य उड़ान संचालन पूरी तरह सामान्य है। हालांकि, इस वैश्विक आउटेज के चलते इंडिगो की बैकएंड ईमेल प्रणाली पर असर पड़ा है, जिससे ईमेल के जरिए मिलने वाली ग्राहक सहायता अस्थायी रूप से बाधित हुई है। इंडिगो द्वारा जारी आधिकारिक यात्रा परामर्श के अनुसार, एयरलाइन की उड़ान सेवाएं और अन्य आवश्यक कारोबारी गतिविधियां बिना किसी रुकावट के सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। ईमेल सेवा प्रभावित होने के बावजूद कंपनी के बाकी सभी कस्टमर सपोर्ट चैनल सुचारू रूप से काम कर रहे हैं और इसका एआई-पावर्ड वर्चुअल असिस्टेंट '6E Skai' चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर यात्रियों की समस्याओं और सवालों का समाधान कर रहा है। एयरलाइन यात्रियों को रियल-टाइम नोटिफिकेशन और प्रोएक्टिव कम्यूनिकेशन के जरिए यात्रा से जुड़ी हर जानकारी समय पर उपलब्ध करा रही है ताकि एयरपोर्ट पर किसी तरह की अफरा-तफरी न मचे।

### इंडिगो का संचालन सामान्य, ईमेल प्रभावित



**पांच घंटे से अधिक ठप रहीं सेवाएं, आउटलुक की एक लाख से ज्यादा शिकायतेंः** रॉयटर्स और आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म 'डाउनडिटेक्टर' के मुताबिक, माइक्रोसॉफ्ट की आउटलुक, टीम्स और माइक्रोसॉफ्ट 365 सेवाएं करीब पांच घंटे से अधिक समय तक ठप रहीं। डाउनडिटेक्टर पर आउटलुक में आई दिक्कतों की शिकायतें दोपहर 1 बजे 1,38,058 के चरम पर पहुंच गईं, जो शाम तक घटकर 34,490 पर आईं, जबकि शाम 5:47 बजे तक माइक्रोसॉफ्ट 365 से जुड़ी शिकायतें लगभग 13,000 दर्ज की गईं। इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर भी असर पड़ा और 763 से अधिक उपयोगकर्ताओं ने प्लेटफॉर्म ठप होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस आउटेज ने ओपनएआई और एंथ्रोपिक जैसी शीर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एआई सर्विस कनेक्टर्स को भी प्रभावित किया।

### माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर हमले से किया इनकार

**माइक्रोसॉफ्ट** ने आधिकारिक तौर पर साइबर हमले की आशंका को खारिज करते हुए कहा है कि वह इस गड़बड़ी को दूर करने के लिए तकनीकी समाधान पर काम कर रही है। हालांकि, भारत के प्रमुख साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ पवन दुग्गल ने 'एएनआई' से बातचीत में चिंता जताते हुए कहा है कि यह घटना सिर्फ एक सामान्य तकनीकी खराबी नहीं लगती, बल्कि यह एक बड़ा साइबर इंसिडेंट, सुरक्षा चूक या साइबर आतंकवाद का पहलू भी हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई तकनीकी खराबी 70 से ज्यादा देशों में माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनी की सभी सेवाओं को एक साथ ठप कर सकती है, तो यह वैश्विक आईटी सुरक्षा ढांचे पर एक बड़ा संदेश और गंभीर चेतावनी है। इस घटना ने वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के तकनीकी बैकअप और उसकी सुरक्षा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।


## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में उग्रवादियों की फायरिंग में 4 मौत



**इम्फाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, हमला इम्फाल-उखरुल रोड पर न्यू हेवन इलाके में हुआ। दोनों गाड़ियों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

### कांग्रेस की दो दिन की भारत समिट शुरू



**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार से दो दिन की भारत समिट शुरू हो गई है। इसमें 70 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इसमें वैश्विक चुनौतियों और मौजूदा मुद्दों पर चर्चा हो रही है। राहुल गांधी समिट समिट में कल शामिल होंगे। तेलंगाना के IT और इंडस्ट्रीज मंत्री डी श्रीधर बाबू के मुताबिक भारत समिट 2026 का उद्देश्य राज्य में निवेश और रोजगार लाना है।

## मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त के रूप में 1.24 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में भेजे 1500-1500 रुपए

# मुख्यमंत्री बोले, बहनें ही हमारा मान और सम्मान

मृदुभाषी। पिछोर/भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन से प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 42वीं किस्त के रूप में 1831 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान राशि अंतरित की। प्रत्येक बहन के खाते में 1500 रुपए भेजकर मुख्यमंत्री ने भाईदूज का उपहार दिया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहनें हमारा मान और सम्मान हैं। हर घर की रौनक महिलाओं से है और उनके स्वाभिमान की रक्षा करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत 5.5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों को नगद साख सीमा के रूप में 200 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि भी सिंगल क्लिक से प्रदान की।




### केंद्र-राज्य की योजनाओं से महिलाओं को लाभः सिंधिया

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों और महिलाओं के हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों को सम्मान निधि, महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से बहनों और बेटियों को सहायता दी जा रही है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके लागू होने पर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

### 121 विकास कार्यों की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने पिछोर में 221.22 करोड़ रुपए की लागत के कुल 121 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें 186.23 करोड़ रुपए की लागत वाले 85 कार्यों का भूमिपूजन तथा 35 करोड़ रुपए के 36 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए। सम्मेलन को पिछोर विधायक प्रीतम लोधी और भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह जाटव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक रमेश खटीक, देवेंद्र जैन मौजूद रहे।

### परिसीमन आयोग की अनुशंसा पर पिछोर बनेगा जिला

सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पिछोर को जिला बनाने की मांग उठाई। मुख्यमंत्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि सरकार ने परिसीमन आयोग का गठन किया है। आयोग की अनुशंसा मिलने पर पिछोर को जिला बनाने के लिए सरकार सभी जरूरी सहयोग करेगी। उन्होंने पिछोर में सांदीपनि विद्यालय और सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने, खनियांधाना के रेडी चौराहा पर पुलिस चौकी स्थापित करने तथा बामोरकलां में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। इसके अलावा कासना नाले पर पुल निर्माण, पिछोर किले में 5 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य और मोतीसागर झील के सौंदर्यीकरण के लिए राशि उपलब्ध कराने की बात कही। मुख्यमंत्री ने मोतीसागर झील का निरीक्षण भी किया।

# काजीरंगा में मिनी बस-कंटेनर की आमने-सामने टक्कर, 26 की मौत

**असम।** असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक के बीच आमने-सामने हुई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में जान गंवाने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना की जानकारी असम सरकार के मंत्री और बोकाखाट से विधायक अतुल बोरा ने दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मिनी बस बोकाखाट से नगांव की ओर जा रही थी। सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई।



**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोकः** काजीरंगा में हुए इस दर्दनाक हादसे पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने भी शोक व्यक्त किया है। हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने से इलाके में शोक का माहौल है। राहत एवं बचाव कार्य के साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक के नियंत्रण खोने की बात सामने आई है।

# राहुल का आरोप-मोदी मेरा फोन टैप करा रहे

मृदुभाषी। नई दिल्ली

राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर उनका फोन टैप करने का आरोप लगाया। राहुल ने इंस्टाग्राम पर 'ऑस्क मी' सेशन में मोबाइल दिखाते हुए कहा, विदेशी फंडिंग के सबूत यहां है। पीएम जानते हैं कि वह मेरा फोन टैप करा रहे हैं।

उन्होंने फिर बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मेरे साथ आमने-सामने की बातचीत के बाद मोदी पीएम पद पर नहीं रहेंगे। पिछले 12 दिन में यह सातवीं बार है, जब राहुल ने पीएम मोदी को बहस के लिए बोला है। भाजपा नेताओं ने गांधी की चुनौती का मजाक उड़ाया है। आरोप लगाया है कि वह संसद में बहस से भागते रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जहां गांधी प्रधानमंत्री से बहस के लिए जगह



चुनने को कह रहे हैं, वहीं संसद में पहले से ही एक जगह मौजूद है और उन्होंने उनसे लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कुछ गंभीरता और जिम्मेदारी दिखाने का आह्वान किया है।

## शादी-ब्याह के सीजन में खरीदारों को बड़ी राहत

# 7 महीने बाद 1.36 लाख से नीचे आया सोना, चांदी में भी गिरावट

मृदुभाषी। नई दिल्ली

शादी-ब्याह के सीजन में सोना और चांदी खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए राहत की खबर है।

सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 7 महीने के बाद 1.36 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गई है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,808 रुपये की गिरावट के साथ 1,35,884 रुपये पर आ गया है, जो एक दिन पहले 1.38 लाख रुपये पर था। इससे पहले 23 मार्च 2026 को सोना 1,35,141 रुपये और 8 जनवरी 2026 को 1,35,773 रुपये के



स्तर पर देखा गया था। वहीं, चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है और एक किलो चांदी 3,540 रुपये सस्ती होकर 1.77 लाख रुपये पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.81 लाख रुपये प्रति किलो पर थी। पिछले तीन दिनों से सर्राफा बाजार में जारी गिरावट के चलते सोना कुल 6,536 रुपये और चांदी 8,500 रुपये तक सस्ती हो चुकी है, जबकि 10 नवंबर को सोना 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.86 लाख रुपये प्रति किलो के स्तर पर थी। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बड़े निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर की जा रही मुनाफावसूली और बिकवाली के कारण कीमती धातुओं के दाम नीचे आ रहे हैं।

### सालभर जारी रहा उतार-चढ़ाव

**इस** पूरे साल सोने और चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिला है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 31 दिसंबर 2025 को सोना 1.33 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, जो 29 जनवरी को उछलकर 1.76 लाख रुपये के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था; इस उच्चतम स्तर से अब तक सोना करीब 40 हजार रुपये यानी लगभग 30 प्रतिशत सस्ता हो चुका है। इसी तरह, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपये प्रति किलो थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर (ऑल टाइम हाई) पर पहुंच गई थी, लेकिन तब से लेकर अब तक चांदी में 2.02 लाख रुपये की भारी गिरावट आ चुकी है।

# सोनम वांगचुक का दावा पुलिस ने किया नजरबंद

मृदुभाषी। लेह

क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने दावा किया है कि लद्दाख पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। उन्होंने गुरुवार रात एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात हैं और उन्हें घर से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। हालांकि, लद्दाख पुलिस ने उनके हाउस अरेस्ट किए जाने से इनकार करते हुए कहा है कि यह चुनाव के दौरान लागू निषेधाज्ञा का पालन कराने की कार्रवाई है।

दरअसल, लद्दाख में 4 दिसंबर को होने वाले पहाड़ी परिषद चुनाव को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सोनम वांगचुक और लद्दाख के विभिन्न संगठन सर्दियों के मौसम में चुनाव कराने का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि दिसंबर में



पड़ने वाली भीषण ठंड और मौसमी परिस्थितियों के कारण बड़ी संख्या में स्थानीय मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। इसी मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। पुलिस ने एक दिन पहले ही सोनम वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाया था। इसके बाद उन्हें उनके घर ले जाया गया। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, एक आदेश के तहत उनके लेह आने-जाने पर 60 दिनों की रोक लगाई गई है।

# एसआईआर शुरू, जिले में 25.36 लाख से अधिक मतदाता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। आगामी एक महीने तक जिले की सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के 3,209 पोलिंग बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियमित रूप से बैठेंगे। इस दौरान नागरिक मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने, नाम हटवाने या संशोधन एवं स्थान परिवर्तन के लिए अपने आवेदन जमा करा सकेंगे।


इस अभियान की शुरूआत से पहले निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रारंभिक मतदाता सूची जारी कर दी गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में जिले कुल मतदाताओं की संख्या 25 लाख 36 हजार 870 तक पहुंच गई है। एसएसआर की यह पूरी प्रक्रिया 11 दिसंबर तक निरंतर जारी रहेगी।

एसएसआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्टर कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रक्रिया की रूपरेखा समझाई गई और प्रारूप मतदाता सूची सौंपी गई। जारी आंकड़ों के मुताबिक, जिले के कुल 25,36,870 मतदाताओं में 12 लाख 75 हजार 964 पुरुष मतदाता, 12 लाख 60 हजार 810 महिला मतदाता और 96 मतदाता अन्य श्रेणी के शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवजीवन पंवार ने बताया कि जिन नागरिकों के नाम अभी तक सूची में नहीं हैं, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, नए युवा मतदाता भी अपना नाम सूची में दर्ज कराने के लिए पात्र होंगे।

### पोलिंग बूथों की संख्या घटकर 3,209

अभियान से पहले पोलिंग बूथों के युक्तियुक्तकरण

### 4 जनवरी को होगा अंतिम सूची का प्रकाशन



(रेशनलाइजेशन) की प्रक्रिया भी पूरी की गई है, जिसके बाद जिले में कुल पोलिंग बूथों की संख्या घटकर 3,209 रह गई है, जबकि पहले इनकी संख्या 3,210 थी।

इस फेरबदल के तहत कम मतदाता संख्या वाले छह बूथों को आपस में मर्ज किया गया, जबकि पांच नए पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। विधानसभावार स्थिति देखें तो इंदौर-2 में दो, इंदौर-4 में एक और सांवेर में तीन पोलिंग बूथ कम हुए हैं, जबकि राऊ में चार और सांवेर में एक नया पोलिंग बूथ स्थापित किया गया है।

खास बात यह है कि इंदौर जिले की विधानसभा क्षेत्र 'इंदौर-4' में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक दर्ज की गई है। यहां एक लाख 11 हजार 192 महिला और एक लाख 11 हजार 142 पुरुष मतदाता हैं, जिससे यहां जेंडर रेशो बेहतरीन स्थिति में है। इसी प्रकार इंदौर-3 में जेंडर रेशो 997 और इंदौर-2 में 996 है।

### 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, एसएसआर प्रक्रिया के तहत 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इसके उपरांत, 28 दिसंबर तक प्राप्त सभी दावों और आपत्तियों का विधिवत निराकरण किया जाएगा। प्रक्रिया के सभी चरणों को पूरा करने के बाद आगामी 4 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का आधिकारिक प्रकाशन किया जाएगा।

इस विशेष सूची में 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम प्राथमिकता से जोड़े जाएंगे। साथ ही, अपात्र, मृत या स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे और दोहरी प्रविष्टियों (डबल एंट्री) में भी आवश्यक सुधार किया जाएगा।

# ट्रायल शुरू, 197 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## माधवराव सिंधिया के खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के विजन को आगे बढ़ा रही एमपीटीसीएल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की स्मृति में आयोजित मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट लीग (एमपीटीसीएल) के तीसरे सीजन को लेकर प्रदेशभर के खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लगातार दो सफल सीजन के बाद अब सीजन-3 के ट्रायल की शानदार शुरूआत हो चुकी है। इसी क्रम में शुक्रवार को इंदौर में आयोजित ट्रायल के दौरान कुल 197 खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा व खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस प्रतिष्ठित लीग का मुख्य उद्देश्य स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की स्मृति को समर्पित इस आयोजन के माध्यम से मध्य प्रदेश के छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को तलाशना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है। यह लीग उन खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान दे रही है, जिन्हें अब तक अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए बड़े अवसर नहीं मिल पा रहे थे।

### आईपीएल की तर्ज पर होगा फ्रेंचाइजी आधारित ऑक्शन प्रारूप

मध्य प्रदेश की यह अपनी तरह की पहली फ्रेंचाइजी आधारित टेनिस क्रिकेट लीग है, जिसका आयोजन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर ऑक्शन (बोली) प्रारूप में किया जाता है। इस बार के सीजन में कुल 240 खिलाड़ी मैदान पर अपना हुनर दिखाएंगे। खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पूरे प्रदेश को कुल छह ट्रायल जोन में विभाजित किया गया है, जिनमें इंदौर, भोपाल, सागर, अशोकनगर, छिंदवाड़ा और रीवा प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### मार्च माह में होंगे रात्रिकालीन मुकाबले, विजेता को 8 लाख रुपये

लीग का मुख्य मुकाबला आगामी मार्च माह में खेला जाएगा। रोमांचक बात यह है कि इसके सभी मुकाबले रात्रिकालीन (फ्लडलाइट) प्रारूप में आयोजित होंगे, जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों को भी एक बड़े और भव्य क्रिकेट आयोजन जैसा अद्भुत रोमांच देखने को मिलेगा। पुरस्कारों की बात करें तो प्रतियोगिता की विजेता टीम को 8 लाख रुपये की आकर्षक इनामी राशि से सम्मानित किया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम के लिए भी विशेष पुरस्कार तय किए गए हैं।

# क्रेन की चेन सिर में लगने से घायल 80 वर्षीय बुजुर्ग ने 13 दिन बाद तोड़ा दम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** एयरपोर्ट रोड पर मेट्रो प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ी और जानलेवा लापरवाही सामने आई है। यहां निर्माण कार्य में लगी एक क्रेन की चपेट में आने से 80 वर्षीय सेवानिवृत्त बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार भारी सामान उठा रही क्रेन की चेन बुजुर्ग के सिर से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। करीब 13 दिनों तक निजी अस्पतालों में चले लंबे उपचार के बाद गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चेन का हिस्सा झूलते हुए विनोद के सिर में जा लगा

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सीताश्री अपार्टमेंट, एयरपोर्ट रोड निवासी 80 वर्षीय विनोद पुत्र फूलचंद कासलीवाल के रूप में हुई है। वे सरकारी प्रेस से सेवानिवृत्त थे। मृतक के बेटे विकास ने बताया कि घटना 30 अक्टूबर की है, जब उनके पिता घर से पैदल मंदिर जाने के लिए निकले थे। उसी समय सड़क पर मेट्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य चल रहा था। भारी सामान उठा रही क्रेन की चेन का एक हिस्सा अचानक झूलते हुए विनोद के सिर में जा लगा, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। हादसे के तुरंत बाद उन्हें उपचार के लिए भाटिया अस्पताल ले जाया गया। बाद में हालत अधिक नाजुक होने पर उन्हें शैल्बी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

परिजनों ने इस गंभीर हादसे के लिए क्रेन चालक और निर्माण एजेंसी की घोर लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है, वहीं मामले में मेट्रो प्रोजेक्ट के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने कहा कि रामचंद्र नगर पर पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए नगर निगम ने सहयोग मांगा था, उसी दौरान यह दुखद घटना कैसे हुई, इसकी जांच कराई जा रही है।

# छठ महापर्व को लेकर तेज हुईं तैयारियां

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** चार दिवसीय छठ महापर्व के मद्देनजर शहर के विभिन्न छठ घाटों पर नगर निगम द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगम अमला घाटों को व्यवस्थित करने में जुटा हुआ है। इस क्रम में घाटों पर जरूरी मरम्मत, रंगरोगन, विशेष साफ-सफाई और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

तैयारियों की जमीनी हकीकत परखने के लिए एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर ने स्कीम नंबर 78, स्कीम नंबर 54 और सुखलिया स्थित प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों के रखरखाव और श्रद्धालुओं की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े सभी निर्माण व सुधार कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। छठ महापर्व के दौरान उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और व्रती महिलाएं घाटों पर एकत्रित होती हैं। सुबह और शाम के समय होने वाली इस भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी के इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि अंधेरे की वजह से किसी को कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही घाटों का आवश्यक मेंटेनेंस और सौंदर्यीकरण के तहत रंगरोगन कराया जा रहा है। निगम ने घाट परिसर के साथ-साथ मुख्य संपर्क मार्गों पर भी साफ-सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस में 19 नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**इंदौर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने आधिकारिक तौर पर नियुक्ति आदेश जारी कर जिले की चार प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में 19 नए ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की है। जिनमें देपालपुर विधानसभाः गौतमपुरा से प्रफुल्ल शर्मा, हातोद से सुरेंद्र ठाकुर, बड़ा बांगड़दा से विरेंद्र रितोरिया, देपालपुर से जसपाल सिंह और बेटमा से सुरेश पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। महू विधानसभाः बडगोंदा से कपिल चौहान, पिगडंबर से सीमा सोलंकी, गवली पलासिया से लोकेश धूलिया, मानपुर से कुणाल सोलंकी, सिमरोल से धर्मेंद्र ठाकुर और महू शहर से मलिक खान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांवेर विधानसभा सांवेर से हिमांशु शर्मा, कछालिया से रामप्रसाद पंवार, पालिया से रोहित गुर्जर, क्षिप्रा से मुनीष दांगी और खुड़ैल से मुस्ताक खान को कमान मिली है।



# सवा सौ नवआरक्षकों की हुई शपथ परेड

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** बीएसएफ परिसर में शुक्रवार को सवा सौ नवआरक्षकों की शपथ परेड हुई। मुख्य अतिथि बीएसएफ के महानिरीक्षक तेजिंदर पाल सिंह सिद्धू थे। उन्होंने परेड की सलामी ली और नवआरक्षकों को संविधान की अखंडता बनाए रखने और देश की रक्षा करने की शपथ दिलाई। परेड के बाद नवआरक्षकों ने दक्षिण भारत का ओयिलाट्टम नृत्य प्रस्तुत किया। अन्य कई रंगारंग प्रस्तुतियां भी हुईं। इस शपथ परेड में कई आरक्षकों के परिजन भी शामिल हुए थे।

बीएसएफ के प्रशिक्षण के दौरान 44 सप्ताह तक नवआरक्षकों को हथियार चलाने, मैप रीडिंग, युद्ध कौशल, निशानेबाजी, सीमा की निगरानी सहित आतंकवाद विरोधी अभियानों और तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया गया। शपथ परेड के बाद अब इन नवआरक्षकों को देश की अलग-अलग सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अलग-अलग विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नवआरक्षकों को पुरस्कृत भी किया गया।

# 99000 की पड़ी 5 किलो शक्कर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर ।** ऑनलाइन शॉपिंग और कस्टमर केयर के नाम पर साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र का है, जहां फिल्म कॉलोनी निवासी 80 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका अरुणा व्यास ऑनलाइन किराना सामान मंगाना भारी पड़ गया। पांच किलो शकर के ऑर्डर के चक्कर में ठगों ने उनके बैंक खाते से 99 हजार रुपए पार कर दिए। बुजुर्ग महिला ने बुधवार को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित महिला ने बताया कि उन्होंने ऐप के जरिए पांच किलो शकर का ऑनलाइन ऑर्डर किया था। जब डिलीवरी ब्वाय सामान लेकर पहुंचा, तो अधिक राशि वसूले जाने को लेकर उसकी महिला से कहासुनी हो गई। डिलीवरी ब्वाय ने ऑर्डर कैंसिल करने की सलाह दी और गूगल से कैंसिलेशन नंबर निकालने को कहा। महिला ने जब गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर संपर्क किया, तो अगले दिन एक ठग ने उन्हें फोन कर शिकायत प्रक्रिया पूरी करने का झांसा दिया। ठग ने करीब 34 मिनट तक महिला को बातों में उलझाए रखा और मोबाइल हैंग कर खाते से दो बार में 95 हजार और 4 हजार रुपए यानी कुल 99 हजार रुपए निकाल लिए।

### खाते से एक लाख रुपए से अधिक की रकम उड़ाई

एक अन्य मामला एमआईजी थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां कृष्णबाग निवासी 50 वर्षीय कंप्यूटर शिक्षिका वंदना आनंद कुमार के साथ भी ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। ठगों ने उनके बैंक खाते से एक लाख रुपए से अधिक की रकम उड़ा ली। ठगी का खुलासा तब हुआ जब बैंक से ट्रांजेक्शन के मैसेज आए। जांच में पता चला कि ठगों ने खाते से 20 से अधिक बार में पैसे ट्रांसफर किए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सीवर लाइन में गंदा पानी और प्लास्टिक छोड़ने वाले दो उद्योगों पर 30 हजार रु. का जुर्माना

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** पर्यावरण संरक्षण और शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम पूरी तरह सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी कड़ी में बिना ट्रीटमेंट किए गंदा पानी और प्लास्टिक वेस्ट सीधे सीवर लाइन में छोड़ने वाले दो उद्योगों के खिलाफ नगर निगम ने कड़ी चालानी कार्रवाई की है। निगम की टीम ने दोनों उद्योगों पर कुल 30 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। इसके साथ ही, शहर में पानी की बबार्दी और साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर निगम कमिश्नर ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गाज गिराई है।

शुक्रवार को जोन-17 के वार्ड 18 और 19 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में मुख्यालय और जोनल ऑफिस की संयुक्त टीम ने ईटीपी लाइन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जांच में सामने आया कि कुछ उद्योग बिना ट्रीटमेंट किए दूषित पानी और प्लास्टिक सहित अन्य ठोस अपशिष्ट सीधे सीवर और ड्रेनेज लाइन में बहा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर निगम टीम ने 'आरके इंडस्ट्रीज' पर 10 हजार और 'जे.डी. मैन्युफैक्चरिंग' पर 20 हजार रुपए का चालान काटा।



### कमिश्नर ने किया जोन-12 के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

शुक्रवार को ही नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने जोन-12 के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई नलों में टोटियां या वाल्व न मिलने और पानी की हो रही बबार्दी पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। लापरवाही पर सख्त कदम उठाते हुए कमिश्नर ने जोनल अधिकारी राहुल सूर्यवंशी की 1 दिन की और वार्ड 62 के उपयंत्री सौरभ सोमैया की 15 दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए इसके अलावा, जोन-22 में कचरा जलने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर सीएसआई धीरेंद्र चौहान की 1 दिन की तथा दरोगा की 5 दिन की सैलरी काटी गई। वार्ड 62 में कचरा पॉइंट बंद न मिलने पर दरोगा नवीन पंचवाल को निलंबित करने और वार्ड 31 के मस्टरकर्मी दरोगा रजत हाडे की सेवाएं समाप्त करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। वहीं, वार्ड 27 में अव्यवस्था मिलने पर सीएसआई अनिल सिरसिया और दरोगा राकेश मदनलाल की 3-3 दिन की सैलरी काटी गई है। निगम की इस कार्रवाई से प्रशासनिक अमले में भी हड़कंप मच गया है।

### दो बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया हमला, कान कटकर अलग हुआ

**इंदौर।** शहर में गुरुवार रात अनूप नगर के सामने गाड़ी टकराने के मामूली विवाद में दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में युवक का कान कटकर अलग हो गया। घटना के बाद करीब दो घंटे तक पुलिस थानों के सीमा क्षेत्र तय करने में ही उलझी रही, जिसके बाद आखिरकार हीरानगर थाने में मामले की एफआईआर दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार, दीपेश चौरे का भाई गौरव किसी को पैसे देने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विक्का और हितेंद्र (हितेश) नामक युवकों से उसकी गाड़ी टकरा गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ता देख गौरव ने घर फोन कर अपने भाई दीपेश को मदद के लिए बुलाया। मौके पर पहुंचे दीपेश पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसका कान पूरी तरह कटकर लटक गया।

परिजन उसे गंभीर हालत में तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों के मुताबिक सर्जरी के बाद ही उसकी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सड़क पर मारपीट और चाकूबाजी होते देख आसपास के लोग दीपेश के बचाव में दौड़े। भीड़ को आता देख दोनों आरोपी मौके से भागने लगे, लेकिन लोगों ने पीछा कर एक बदमाश हितेश को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी विक्का कुख्यात बदमाश फौजी का गुर्गा है। उस पर पूर्व में तुकोगंज और परदेशीपुरा इलाके में हत्या के दो मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

# 17 करोड़ रुपए से निखरेगा पावन जानापाव धाम, बनेगा भव्य कॉरिडोर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** ग्राम आशापुरा में जनसहयोग और सरकारी राशि से निर्मित कामधेनु गोशाला की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब भगवान परशुराम की जन्मस्थली 'जानापाव' की पहाड़ी का भी जनभागीदारी के माध्यम से भव्य विकास किया जाएगा। शासन स्तर पर पहले से ही करीब 17 करोड़ रुपए की विकास योजना पर कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन अब इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को और अधिक विस्तार देने के लिए सरकारी बजट के साथ-साथ समाज और दानदाताओं से भी सहयोग जुटाने की तैयारी कर ली गई है।

प्रशासन द्वारा जानापाव के समग्र विकास को लेकर आंतरिक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इस नई विकास योजना के तहत जानापाव की पहाड़ी पर स्थित भव्य मंदिर और तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ ही एक आकर्षक कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इस कॉरिडोर का मुख्य आकर्षण भगवान परशुराम जी की विशाल प्रतिमा होगी, जिसमें वे भगवान श्रीकृष्ण जी को सुदर्शन चक्र प्रदान करते हुए नजर आएंगे। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जानापाव



वही पावन स्थल है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि परशुराम से सुदर्शन चक्र प्राप्त किया था। कलेक्टर शिवम वर्मा के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जन्माष्टमी पर भूमिपूजित 17 करोड़ रुपए के इस सरकारी प्रोजेक्ट में यज्ञकुंड के पुनर्विकास, आधुनिक ऑडिटोरियम, ध्यान कुटीर, हर्बल गार्डन, लैंडस्केपिंग, बहुउद्देशीय भवन और श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए रोपवे जैसी सुविधाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि जानापाव के विकास में जनभागीदारी जोड़ने की प्रेरणा ग्राम आशापुरा की कामधेनु गोशाला से मिली है। करीब 24 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस गोशाला में सीएसआर मद और दानदाताओं के माध्यम से लगभग 11 करोड़ रुपए का जनसहयोग प्राप्त हुआ था।

### घंटों फंसे रहे लोग

**इंदौर।** इंदौर-खंडवा रोड स्थित सिमरोल के भेरूघाट पर शुक्रवार दोपहर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ने से करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। घाट सेक्शन में गाड़ियां एक के पीछे एक कतारबद्ध खड़ी रहीं, जिससे सैकड़ों यात्री और वाहन चालक घंटों तक फंसे रहे। जिससे उन्हे परेशानी उठानी पड़

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमती नुपुर पतिश्री अंशुल गुप्ता** पिन **9000209977** झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 37। पता **प्र.क्र. जी-1, UNIK रेजेन्सी, महालक्ष्मी नगर, इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 08 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, शहीद चन्द्रशेखर आजाद झोन क्रमांक 08 नगर पालिका निगम इंदौर**

### इंदौर में भगवान महावीर और शंखेश्वर पार्श्वनाथ का भव्य अनुष्ठान संपन्न

# मंत्रों की गूंज, भक्ति की ऊर्जा और आराधना का दिखा संगम

मृदुभाषी। इंदौर

मंत्रों की पवित्र ध्वनि, श्रद्धा से झुके मस्तक और भक्ति में लीन श्रद्धालु... कुछ ऐसा ही आध्यात्मिक वातावरण गुरुवार को इंदौर के दिवाकर दरबार में देखने को मिला। नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड स्थित दिवाकर दरबार में भगवान महावीर स्वामी और श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ की आराधना को समर्पित भव्य अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान आराधिका डॉ. कुमुद लता जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। आयोजन स्थल पर 'णमोथुणं समणस्स, भगवओ महावीरस्स' मंत्र की गूंज के बीच भक्तिमय वातावरण बना रहा।

अनुष्ठान में 'श्री णमोथुणं समणस्स, भगवओ महावीरस्स' तथा 'ॐ ऋ श्रीं धरणेन्द्र, पद्मावती सहिताय श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथाय नमो नमः' मंत्रों के साथ भगवान महावीर स्वामी और श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ की विशेष आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अनुष्ठान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंत्र जाप और धार्मिक विधियों के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर डॉ. कुमुद लता जी महाराज ने अनुष्ठान के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धार्मिक आराधना केवल बाहरी अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और कर्मों की निर्जरा है। ऐसे अनुष्ठान साधक को आत्मचिंतन, संयम





और आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर के सिद्धांतों और जैन धर्म की साधना पद्धति में आत्मशुद्धि, अहिंसा, तप और संयम का विशेष महत्व है। नियमित आराधना और मंत्र जाप से व्यक्ति अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना विकसित कर सकता है तथा मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिनेश्वर जैन ने किया। आयोजन में समाज के अनेक श्रद्धालुओं, वरिष्ठजनों, महिला मंडल और युवाओं की सहभागिता रही। धार्मिक आयोजनों की इसी श्रृंखला में शुक्रवार, 13 नवंबर को प्रातः 8 बजे से श्री पार्श्व पद्मावती तप आराधना के 16 एकासना की पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार इस विशेष धार्मिक कार्यक्रम में लगभग एक हजार आराधकों के सम्मिलित होने की संभावना है। पूर्णाहुति के अवसर पर सामूहिक उवसग्गहरं जाप और धर्मसभा का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु सामूहिक रूप से मंत्र जाप कर आराधना की पूर्णाहुति करेंगे।

#### अहमदनगर के फिरोदिया परिवार बने आयोजन के लाभार्थी

इस धार्मिक आयोजन के लाभार्थी अहमदनगर निवासी समाजसेवी एवं श्रद्धालु श्रावक रमेश जी और सरिता जी फिरोदिया होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि पूर्णाहुति कार्यक्रम में समाज के अनेक वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा वर्ग और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल होंगे। समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता करने और पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। दिवाकर दरबार में आयोजित यह अनुष्ठान जैन समाज की धार्मिक आस्था, सामूहिक साधना और आध्यात्मिक परंपरा का सुंदर उदाहरण बना। वहीं, शुक्रवार को होने वाली पूर्णाहुति को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। करीब एक हजार आराधकों की सहभागिता के साथ होने वाला सामूहिक जाप और धर्मसभा इस धार्मिक आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश को 9 श्रेणियों में मिले पुरस्कार, जबलपुर देश में दूसरे स्थान पर



## सफाई में चमका ग्वालियर, स्वच्छता कर्मियों संग सीएम ने किया सहभोज

मृदुभाषी। ग्वालियर

स्वच्छता की मुहिम जब जनभागीदारी और कर्मठ सफाई मित्रों के समर्पण से जुड़ती है, तो शहर की तस्वीर बदल जाती है। ग्वालियर ने इसी संकल्प और सामूहिक प्रयास के दम पर स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित स्वच्छता दूत सम्मान समारोह में सफाई कर्मियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इनके सहयोग के बिना होली, दीपावली सहित कोई भी त्योहार पूरी रौनक के साथ नहीं मनाया जा सकता। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कर भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत किया है। उन्होंने लाल किले से स्वच्छता का संदेश दिया और स्वयं झाड़ू थामकर समाज के हर वर्ग को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता कर्मियों को प्रोत्साहन देने के उनके प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्वच्छता का विशेष महत्व है। दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन से पहले घरों की सफाई और झाड़ू का पूजन हमारी परंपरा का हिस्सा है। माता शीतला के एक हाथ में भी झाड़ू है। स्वच्छता और शुचिता अब भारत की पहचान बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की उपलब्धि के पीछे आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शहर में पहली बार रिस्क स्क्रीनिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया। इसके अलावा इटैलियन तकनीक पर आधारित 1200 टन क्षमता का अत्याधुनिक कचरा प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया गया, जिसने स्वच्छता अभियान को मजबूती दी।

**मध्यप्रदेश को 9 श्रेणियों में मिले पुरस्कारः**
मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत मिले 57 पुरस्कारों में मध्यप्रदेश ने 9 श्रेणियों में सम्मान हासिल किया है। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। ग्वालियर के साथ बुंदेलखंड से सागर, महाकौशल से जबलपुर, मालवा से उज्जैन, इंदौर और देपालपुर, बघेलखंड से रीवा तथा मध्य क्षेत्र से बुधनी के स्वच्छता दूतों ने प्रदेश का मान बढ़ाया है। जबलपुर को देश के स्वच्छ शहरों में दूसरा स्थान मिला है, जबकि उज्जैन भी स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक विरासत, संगीत संस्कृति और स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध ग्वालियर अब स्वच्छ शहर के रूप में भी पहचाना जाएगा।

## सरकार 17 नवंबर को लेगी तीन हजार करोड़ का कर्ज



मृदुभाषी। भोपाल

प्रदेश सरकार एक बार फिर बाजार से तीन हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने जा रही है। 17 नवंबर को भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से यह ऋण लिया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस राशि का इस्तेमाल सड़क, सिंचाई, बिजली और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में किया जाएगा। सरकार ने यह भी बताया कि चालू वित्त वर्ष में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक 15,573 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया भी गया है। तीन हजार करोड़ रुपये का यह कर्ज एक-एक हजार करोड़ रुपये की तीन किस्तों में लिया जाएगा। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के लिए करीब 87 हजार करोड़ रुपये की कुल उधारी सीमा तय की है। इसमें शुरुआती नौ महीनों के लिए 58,274 करोड़ रुपये का बाजार ऋण लेने की अनुमति है। राज्य सरकार नवंबर के दूसरे सप्ताह तक 48,900 करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है। अब प्रस्तावित तीन हजार करोड़ रुपये का ऋण भी इसी सीमा के भीतर लिया जाएगा। सरकार के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में प्रदेश का पूंजीगत परिव्यय एक लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। यानी सरकार का जोर नई सड़कें, सिंचाई परियोजनाएं, बिजली व्यवस्था और दूसरी स्थायी परिसंपत्तियां तैयार करने पर है। सरकार का दावा है कि कर्ज की राशि वेतन-पेंशन या लाडली बहना और किसान कल्याण जैसी योजनाओं के खर्च के लिए नहीं ली जाती। सरकार ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में 29,980 करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक 15,573 करोड़ रुपये के ऋण का पुनर्भुगतान किया गया है। सरकार का दावा है कि उसने अब तक कर्ज चुकाने में कभी डिफॉल्ट नहीं किया है। बजट अनुमान 2026-27 में प्रदेश पर कुल कर्ज और जीएसडीपी का अनुपात 32.53 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### मध्य प्रदेश में महंगाई की मारः नई दरें आज से लागू

## अमूल के बाद अब सांची दूध भी 4 रुपए तक महंगा

मृदुभाषी। भोपाल



मध्य प्रदेश के दुग्ध उपभोक्ताओं पर एक बार फिर महंगाई की मार पड़ी है। अमूल के बाद अब मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) ने सांची पैक्ड दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है, जिसकी नई दरें 14 नवंबर 2026 से प्रभावी होंगी। डेयरी फेडरेशन ने दूध की विभिन्न श्रेणियों में प्रति लीटर एक रुपये से लेकर चार रुपये तक का इजाफा किया है। संशोधित मूल्य सूची के अनुसार, अब ग्राहकों को एक लीटर फुल क्रीम दूध के लिए 70 रुपये के बजाय 74 रुपये चुकाने होंगे, जबकि 500 मिलीलीटर का फुल क्रीम पैकेट 35 रुपये से बढ़कर 37 रुपये का हो गया है। इसी तरह, एक लीटर स्टैंडर्ड दूध 63 रुपये से बढ़कर 67 रुपये और इसका आधा लीटर का पैकेट 32 रुपये के स्थान पर 34 रुपये में मिलेगा। टोन्ड दूध की कीमत में भी संशोधन करते हुए एक लीटर का पैकेट 58 रुपये से बढ़ाकर 59 रुपये और 500 मिलीलीटर का पैकेट 29 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया है, वहीं गाय का एक लीटर दूध अब 64 रुपये में उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त डबल टोन्ड 500 मिलीलीटर पैकेट 27 रुपये से बढ़कर 28 रुपये, स्किम्ड दूध एक लीटर 47 रुपये से बढ़कर 49 रुपये तथा इसका 500 मिलीलीटर पैकेट 24 रुपये से बढ़कर 25 रुपये हो गया है, जबकि चाह अथवा अमृत दूध एक लीटर 62 रुपये से बढ़कर 65 रुपये और टी स्पेशल एक लीटर 56 रुपये से बढ़कर 58 रुपये प्रति लीटर की दर पर बिकेगा। दूध की यह नई दरें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और बुंदेलखंड दुग्ध संघों के विपणन क्षेत्रों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के बाहर भी उन सभी इलाकों में इसी अनुपात में लागू होंगी जहाँ दुग्ध संघ सांची दूध की बिक्री करते हैं। एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक जयदेव बिस्वास ने इस वृद्धि का कारण स्पष्ट करते हुए बताया कि दूध की खरीद, पैकिंग सामग्री और परिवहन व्यय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसके चलते दुग्ध संघों का वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिए दरों में इजाफा करना अनिवार्य हो गया था। उल्लेखनीय है कि सांची से ठीक पहले अमूल ने भी 12 नवंबर से अपनी कीमतों में दो से चार रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की थी, जिससे अमूल गोल्ड का एक लीटर का पैकेट 70 रुपये से बढ़कर 74 रुपये और अमूल फ्रेश 57 रुपये से बढ़कर 59 रुपये का हो चुका है; ऐसे में लगातार दो प्रमुख दुग्ध ब्रांडों के दाम बढ़ने से आम जनता के घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ना तय है।

## भोपाल में 26वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप का आगाज

### सीएम ने हर विधानसभा में स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाने की घोषणा की

मृदुभाषी। भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 नवंबर को भोपाल के तुलसी नगर स्थित प्रकाश तरण पुष्कर में 26वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों से आए 400 से अधिक पैरा स्विमर्स हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 100 महिला तैराक भी शामिल हैं। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बेहतर स्पोर्ट्स स्टेडियम तैयार करने की दिशा में काम कर रही है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने पैरा ओलिंपिक में भारत की बढ़ती उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2016 के रियो पैरा ओलिंपिक में भारत ने 4 पदक जीते थे, जो टोक्यो में बढ़कर 20 और वर्ष 2024 के पैरा ओलिंपिक में 29 हो गए। इसके साथ ही 2026 के पैरा एशियाई खेलों में भारत ने कुल 114 पदक जीतकर इतिहास रचा है, जिसमें पैरा स्विमर्स के 11 पदक शामिल हैं। उन्होंने प्रदेश की खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में विभिन्न खेलों की 11 अकादमियां संचालित हैं और इसी वर्ष एशियन गेम्स में प्रदेश के 32 खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 2 सिल्वर सहित कुल 12 पदक हासिल किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को विशेष प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने भोपाल को वॉटर स्पोर्ट्स का उभरता हुआ हब बताते हुए कहा कि बड़ी झील में क्याकिंग, केनोइंग और रोइंग के बाद अब सेलिंग की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो रही हैं, और जल्द ही बरखेड़ा नाथू स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में एशियन हॉकी का बड़ा आयोजन प्रदेश को गौरवान्वित करेगा। वहीं, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर प्रोत्साहन से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश 17-18वें स्थान से छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने जानकारी दी कि बरखेड़ा नाथू में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाया जा रहा है और प्रत्येक विधानसभा में बनने वाले स्टेडियमों में पैरा स्पोर्ट्स के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी, साथ ही 19 नवंबर से प्रदेश में पहली बार एशियन वुमेन चैंपियनशिप का आयोजन भी होने जा रहा है जिसमें 6 देशों की टीमें भाग लेंगी।

### सतना नगर निगम की सख्तीः 15 दिन का अल्टीमेटम

## 54.83 करोड़ के बकाया वसूली के लिए छह हजार को नोटिस

**सतना।** सतना नगर निगम ने लंबित संपत्तिकर की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान शुरू किया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के निर्देश पर 50 हजार रुपये से अधिक का संपत्तिकर बकाया रखने वाले लगभग छह हजार करदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, जिन पर निगम का कुल 54 करोड़ 83 लाख रुपये बकाया है। चिह्नित किए गए इन बकायादारों में आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर और शासकीय संस्थान भी शामिल हैं। निगम कर्मचारियों के माध्यम से नोटिस तामील कराते हुए सभी संबंधित करदाताओं को बकाया राशि जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कर जमा नहीं करने पर संपत्तियों को सील




करने और कुर्की की कार्रवाई की जाएगी, जिसके दौरान एसडीएम मौजूद रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल का सहयोग भी लिया जाएगा। वहीं, करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम मुख्यालय सहित पांचों जोन कार्यालयों में विशेष कर काउंटर प्रारंभ किए गए हैं।

## अगली पीढ़ी की सक्रियता: कमलनाथ की गैरमौजूदगी में नकुलनाथ संभालेंगे दीपावली मिलन समारोह की कमान

मृदुभाषी। छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में अब अगली पीढ़ी अपनी सक्रियता बढ़ाने की तैयारी में है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ 14 नवंबर को राजधानी भोपाल में प्रदेशभर के कांग्रेस नेताओं और समर्थकों को जुटाकर अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती और बाल दिवस के अवसर पर श्यामला हिल्स स्थित कमलनाथ के निवास पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के विधायकों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया है, जहाँ 18 नवंबर को आने वाले कमलनाथ के जन्मदिन का उत्सव भी मनाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री



कमलनाथ ने पहले से तय व्यस्तताओं के कारण इस आयोजन में शामिल होने में असमर्थता जताई है और एक संदेश जारी कर कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी हैं। ऐसे में पहली बार नकुलनाथ अकेले इस बड़े आयोजन की मेजबानी करेंगे। हजारों समर्थकों को जुटाने की तैयारियों के बीच इस आयोजन को नकुलनाथ के राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन कार्यक्रम से पहले लगे पोस्टरों ने पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी की चर्चाओं को भी तेज कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के आसपास लगाए गए पोस्टरों पर 'मध्य प्रदेश की मजबूरी है, नकुलनाथ जरूरी है' जैसे नारे लिखे गए हैं। इन पोस्टरों में नकुलनाथ को प्रमुखता दी गई है, जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कई वरिष्ठ नेताओं की तस्वीरें नदारद हैं। एक ओर संगठन की कमान जीतू पटवारी के पास है, वहीं दूसरी ओर इस आयोजन के प्रचार में उनकी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की गैरमौजूदगी को राजनीतिक हलकों में अलग-अलग धड़ों की सक्रियता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

इस बीच, आयोजन से ठीक पहले छिंदवाड़ा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर नकुलनाथ के समक्ष कांग्रेस में वापसी की है, जिसे उनके गृह क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं की दूसरी पीढ़ी लगातार सक्रिय नजर आ रही है; एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' में उनके बेटे और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह साथ चल रहे हैं, तो दूसरी तरफ नकुलनाथ अब छिंदवाड़ा से बाहर निकलकर पूरे प्रदेश में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। अब सभी की नजरें 14 नवंबर को होने वाले इस जुटान, इसमें शामिल होने वाले वरिष्ठ नेताओं और इससे बनने वाले नए राजनीतिक समीकरणों पर टिकी हैं।

सम्पादकीय

## कश्मीर में सुरक्षा चूक की गुंजाइश नहीं

**भारत** विरोध को प्राणवायु बनाने वाले पाकिस्तान पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता कि वह भारत पर घात का कोई मौका चूकेगा। पाक प्रायोजित आतंक का चेहरा एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकी हमले में उजागर हुआ है। किश्तवाड़ में दो स्पेशल पुलिस अधिकारियों यानी एसपीओ की हत्या और कुलगाम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की पोस्ट पर हमले की हालिया घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। करीब चौबीस घंटे के भीतर हुई ये घटनाएं बताती हैं कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालात अभी भी संवेदनशील बने हुए हैं। ये घटनाएं एक बार फिर याद दिलाती हैं कि सामान्य स्थिति और स्थायी शांति के दावों से इतर इलाके में आतंकवाद के रक्तबीज मौजूद हैं। दुखद ही है कि लापता होने के एक दिन बाद दो स्पेशल पुलिस अधिकारियों के गोलियों से छलनी शव बरामद हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सीआरपीएफ की चेकपोस्ट पर हुए हमले में तीन जवान घायल हुए हैं। निस्संदेह,यह हमारी खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों के लिये नई चुनौती है। उल्लेखनीय है कि इससे ठीक एक साल पहले राजधानी में लाल किले के पास एक कार धमाके में ग्यारह लोगों की जान चली गई थी। कालांतर राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनएआई की व्यापक जांच के बाद पता चला था कि विस्फोट की घटना में जम्मू-कश्मीर स्थित पुलवामा के एक डॉक्टर की मुख्य भूमिका रही थी। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर में हालिया आतंकी हमलों की सभी राजनीतिक दलों ने निंदा की है। वहीं केंद्र शासित प्रदेश में सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने केंद्र सरकार के उस दावे पर सवाल उठाये हैं, जिसमें कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर आतंकवाद से मुक्त हो चुका है। ऐसे वक्त बयानबाजी से आगे बढ़कर खुफिया जानकारी जुटाने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने, सुरक्षा इंतजामों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों में बेहतर सामंजस्य स्थापित करने की सख्त जरूरत है। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि स्थानीय समुदायों की चिंता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

निस्संदेह, आज के आधुनिक उन्नत तकनीक के युग में आतंकवाद से लड़ाई के लिये तमाम विकल्प सुरक्षा बलों के पास मौजूद हैं। लेकिन स्थानीय समाज में घुल-मिल कर रहने वाले आतंकियों तक पहुंच बनाने के लिये लोकल संपर्क सूत्रों की बड़ी भूमिका होती है। कोई भी केंद्रीय सत्ता स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने में असहजता महसूस करेगी। पाकिस्तानी सीमा से लगने वाले दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को इस बात के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे बिना किसी भय व दबाव के सुरक्षा एजेंसियों से सहयोग करें। निस्संदेह, आतंकवाद को हराने के लिये उनकी सुरक्षा, उनका भरोसा और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाये रखने के लिये कानून-व्यवस्था व शांति बनाये रखना बेहद जरूरी है। जैसा कि हमने देखा था कि अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद घाटी की आर्थिकी को भारी चोट पहुंची थी। जो अब धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी थी। देश के विभिन्न भागों व विदेशों से आने वाले पर्यटक बर्फबारी का आनंद लेने लौटने लगे थे। निर्विवाद रूप से किश्तवाड़ जैसे इलाकों में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले आतंकी हमले व हिंसा पर्यटकों को दूर रख सकती है। इससे विकास की गति बाधित होती है और स्थानीय लोगों की आजीविका संकट में पड़ जाती है। भले ही अभी तक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा न मिल पाया हो, लेकिन इसके बावजूद घाटी के लोगों का भरोसा हासिल करना बेहद जरूरी है।


# एआई के सवाल और बापू के जवाब

डॉ. संजय वर्मा

**गांधीजी** ने चरखे को केवल सूत कातने का यंत्र नहीं, आत्मनिर्भरता और गरिमा का प्रतीक बनाया था। एआई भी केवल एक यंत्र या तकनीक है। वह हमें निर्भर, विभाजित और प्रकृति-विरोधी बनाएगी या आत्मनिर्भर, समावेशी और संयमी यह मशीन नहीं, हमारा विवेक तय करेगा।

एआई पर दुनिया हरकत में है। एक तरफ अवसर हैं, दूसरी तरफ संकट। अवसर तकनीक से पैदा हुई तेजी का है, समस्या उसी तकनीक से सत्य, पहचान, नकल और रोजी-रोजगार को लेकर पैदा होते संकट की है। डीपफेक से लेकर छिनती नौकरियों और प्यासे डेटा सेंटरों तक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने जो दिक्कतें खड़ी की हैं, उनका इलाज केवल कानूनों में नहीं, उन मूल्यों में भी है, जिन्हें समाज ने, दूरदर्शी मार्गदर्शकों ने और सुधारकों ने दशकों या शायद सदियों पहले गढ़ा था। जैसे गांधीजी ने मशीनी सभ्यता को लेकर जो कुछ कहा था, ऐसा लगता है कि एआई के इस दौर में वैसे ही सवाल हमारे सामने हैं। तो क्या गांधी-दर्शन एआई की समस्याओं का हल भी है?

आम धारणा है कि महात्मा गांधी मशीनों के धुर विरोधी थे। 1909 में 'हिंद स्वराज' में उन्होंने मशीनी सभ्यता की तीखी आलोचना की थी और चरखा उनकी पहचान बन गया था। पर यह आधा सच है। 1925 में उन्होंने 'यंग इंडिया' में साफ लिखा कि उनका ऐतराज मशीन से नहीं, मशीन के प्रति उन्माद से है। उसी लेख में उन्होंने सिलाई-मशीन को उन उपयोगी चीजों में गिना था, जिनका आविष्कार काम को सरल और बेहतर करने के क्रम में हुआ था। गांधी की चिंता यह थी कि मशीन किसके हित में चलती है। क्या वह मनुष्य का हित करती है या उसे बेकार, आश्रित और शोषित बनाती है? आज, जब एआई निबंध और शोध-पत्र लिख रही है,



रोगों की पहचान कर रही है, फसल चक्र का सटीक अनुमान लगा रही है और चेहरे, आवाजें, वीडियो तक गढ़ रही है, गांधी का यही दर्शन पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। एआई कोई साधारण मशीन या तकनीक नहीं है। वह ऐसा पहला औजार है, जो हाथ के साथ-साथ दिमाग के काम में दखल दे रहा है। इसलिए उसके प्रति न तो अंधी आस्था ठीक है, न ही अंधा भय। जरूरत एक कसौटी बनाने की है, जिसमें गांधी के विचार काम आ सकते हैं। गांधीजी ने 'यंग इंडिया' में ऐसे ही प्रश्नों पर विचार करते हुए सात पापों की सूची दी थी। उनमें से तीन आज के एआई-दौर में एकदम सटीक प्रतीत होते हैं: मानवता के बिना विज्ञान, नैतिकता के बिना व्यापार और चरित्र के बिना ज्ञान। मानवता के बिना विज्ञान वह है, जब तकनीक की होड़ इस सवाल को पीछे छोड़ दे कि उसका असर सबसे कमजोर व्यक्ति पर क्या होगा। नैतिकता के बिना व्यापार वह है, जब लोगों का डेटा, ध्यान (अटेंशन) और निजता (प्राइवेसी) मुनाफे का कच्चा माल बन जाएं। और चरित्र के बिना ज्ञान वह है, जब हर प्रश्न का उत्तर एक क्लिक पर मिले, लेकिन उसे परखने का विवेक न बचे।

गांधीजी के लिए सत्य ही ईश्वर था। एआई-युग में सत्य पर दोहरा संकट है। एक ओर डीपफेक हैं, जिनमें किसी का भी चेहरा और आवाज बनाकर सच का झांसा या आभास देने वाला झूठ गढ़ा जा सकता है। दूसरी ओर चैटबॉट हैं, जो कभी-कभी पूरे आत्मविश्वास से ऐसे तथ्य और संदर्भ रच देते हैं, जो हकीकत में होते ही नहीं हैं। डीपफेक और चैटबॉट का 'मतिभ्रम' सत्य पर हमला है। इनमें से एक से जान-बूझकर झूठ गढ़ा जा सकता है, दूसरे से मशीन के जरिए अनजाना असत्य पैदा किया जा सकता है। गांधी का सत्याग्रह यह सबक देता है कि सत्य की रक्षा केवल कानून से नहीं, नागरिक के आग्रह से होती है, यानी हर सूचना को परखने, स्रोत पूछने और झूठ को आगे नहीं बढ़ाने के आग्रह से।

अहिंसा की कसौटी पर भी एआई के कई सवालों को परखा जा सकता है। युद्ध में स्वायत्त हथियार, जो संकेत या निर्णय के लिए इंसानी दखल का इंतजार भी न करें, गांधी-दर्शन के हिसाब से सबसे बड़ा नैतिक प्रश्न होते। पर हिंसा केवल शारीरिक नहीं होती। किसी महिला की नकली और अश्लील छवि बनाना, ऑनलाइन उत्पीड़न या पक्षपाती एल्गोरिद्म से किसी को जरूरी कर्ज या नौकरी से वंचित करना भी हिंसा के ही रूप हैं, भले ही उसमें रक्त न बहे। और प्रकृति के प्रति हिंसा भी तब इसी श्रेणी में आती है, जब विशाल डेटा सेंटर भारी बिजली और पानी की खपत करें। वह भी तब, जब शहर, गांव-कस्बे पीने के पानी को तरस रहे हों।

स्वराज गांधी के लिए सिर्फ राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं था, बल्कि वह आत्म-नियंत्रण का उपाय भी था। आज की तकनीक का कारोबारी मॉडल अक्सर हमारे ध्यान पर कब्जा करने पर टिका है।

धर्म-ज्योतिष

## काशी विश्वनाथ में एक साथ होते हैं शिव शक्ति के दर्शन, मिलता है अक्षय पुण्य फल

उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में देश का सातवां ज्योतिर्लिंग 'काशी विश्वनाथ' मंदिर बसा है। जोकि भारत की सबसे पवित्र नदी गंगा के पश्चिमी तट पर स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव का ज्योतिर्लिंग विश्वनाथ या विश्वेश्वर स्थापित है। काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए न सिर्फ देश बल्कि दुनियाभर से लोग आते हैं। इस ज्योतिर्लिंग के बारे में कहा जाता है कि यहां पर भगवान विश्वनाथ के दर्शन करने मात्र से जातक की आत्मा शुद्ध हो जाती है, जोकि जीवन में भक्ति और ज्ञान के मार्ग को बेहतर करती है। हिंदू परंपराओं के अनुसार, भारत के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद अन्य ज्योतिर्लिंगों के दर्शन से जो पुण्य फल प्राप्त होता है, उतना सिर्फ काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन से भक्तों को पुण्य फल प्राप्त होता है। काशी विश्वनाथ मंदिर में रामकृष्ण परमहंस, आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद, गोस्वामी तुलसीदास, महर्षि दयानंद सरस्वती, गुरुनानक और कई आध्यात्मिक व्यक्तित्वों ने दर्शन किए हैं। इस मंदिर के दो गुंबदों को सोने से मढ़वाया गया है।



समसामयिक

## धरती बचाने हेतु लड़ाई लड़ने का वक्त

कॉप-31 कई कारणों से खास और चुनौतीपूर्ण होने वाला है। इसे पहले ही क्रियान्वयन (इम्प्लीमेंटेशन) कॉप कहा गया है। यह 20 नवंबर तक यह तुर्किये के अंताल्या में चलेगा। पहली बार किसी कॉप सम्मेलन की जिम्मेदारी एक नहीं, बल्कि दो देश संभालेंगे। तुर्किये तो मेजबान है ही, लेकिन ऑस्ट्रेलिया प्रशांत द्वीप देशों के साथ मिलकर आधिकारिक जलवायु वार्ता का नेतृत्व और एजेंडा तय करेगा। तुर्किये के पर्यावरण मंत्री मूरत कुरूम कॉप-31 के अध्यक्ष हैं। ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन मंत्री क्रिस बोवेन वार्ताओं की अध्यक्षता करेंगे।

इस कॉप के कुछ दिन पहले ही 21 अक्तूबर, 2026 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने अपनी वार्षिक गैप रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, साल 2100 तक पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में वैश्विक तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा वृद्धि हो सकती है। ऐसा विश्व स्तर पर पृथ्वी को गर्म करने वाले उत्सर्जनों में जितनी कटौती होनी चाहिए और




वास्तव में जितनी हो रही है, उनके बीच खाई बढ़ने के कारण हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि यदि सारे देश आज अपने-अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती की घोषित प्रतिबद्धताओं पर पूरा अमल भी कर लें, तब भी 2100 तक वैश्विक तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। पेरिस समझौता, जो कॉप-21 में पेरिस में हुआ था, उसमें कहा गया था कि आदर्श रूप से वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखा जाए। लेकिन यह लक्ष्य अब गंभीर संकट में है। जीवाश्म ईंधनों को छोड़ने के लिए कोई भी देश ईमानदारी से तैयार नहीं है। अतः जरूरी है कि कॉप-31 में पूर्ववर्ती कॉप सम्मेलनों की तरह केवल आखिरी समय की लीपापोती के बजाय जीवाश्म ईंधनों से दूरी बनाने के लक्ष्य पर सख्त निर्णय हों। कहा जा रहा है कि इस कॉप में विद्युतीकरण की बात प्रमुखता से उठेगी। इस कॉप को पृथ्वी को बचाने की लड़ाई लड़नी है। गैप रिपोर्ट जारी होने के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने कहा कि अब 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार होने से कोई नहीं रोक सकता। गुटेरेश का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2026 तक ही है। कॉप-31 उनके लिए आखिरी पर्यावरणीय शिखर सम्मेलन होगा। उन्होंने तेल पर दी जाने वाली सब्सिडी को आत्मघाती कहा था। उन्होंने कहा था कि बड़े प्रदूषकों ने वायुमंडल को खुले सीवर में बदल दिया है। बड़े देशों को अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताएं पूरी करनी चाहिए। किंतु इस कॉप में वे शायद ही भविष्य के लिए दबाव पैदा कर सकें। इस कॉप का इम्प्लीमेंटेशन कॉप बनना तो तय है।

व्यापार

### कीमतों पर नियंत्रण के लिए कई सख्त नियम लागू

# घरेलू बाजार के लिए नवंबर की दूसरी छमाही का चीनी बिक्री कोटा 13 लाख मीट्रिक टन तय

मृदुभाषी। नई दिल्ली

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने और त्योहारी सीजन में इसकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नवंबर की दूसरी छमाही के वास्ते चीनी बिक्री का कोटा 13 लाख मीट्रिक टन तय किया है।

सरकार ने उन चीनी मिलों को भी राहत दी है जिन्होंने अक्टूबर या नवंबर में गन्ने की पेराई शुरू कर दी थी, जिसके तहत वे 30 नवंबर तक उत्पादित चीनी को अपने तय कोटे के अतिरिक्त बेच सकेंगी (अक्टूबर में पेराई शुरू करने वाली मिलों को यह अनुमति पहले ही दी जा चुकी थी)। उल्लेखनीय है कि सरकार ने सितंबर 2026 से पुराने मासिक कोटा सिस्टम को बदलकर 15 दिन का नया कोटा सिस्टम लागू किया है, ताकि चीनी की कीमतों में कृत्रिम उतार-चढ़ाव, कम कीमत पर बिक्री और महीने के अंत में भंडारण जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। नए नियमों के मुताबिक, प्रत्येक मिल को हर 15 दिन में कोटा मिलता है, जिसमें आवंटित कोटे का कम से कम 40 फीसदी हिस्सा पहले सप्ताह में और शेष मात्रा अगले सप्ताह बेचनी अनिवार्य होती है। देश के कई खुदरा बाजारों में चीनी की कीमत 70 रुपये प्रति किलो तक पहुँच जाने के बाद सरकार ने यह सख्त कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 12 नवंबर तक देश के प्रमुख शहरों में खुदरा चीनी की कीमत 61 से 66 रुपये प्रति किलो के बीच दर्ज की गई और पूरे देश में औसत खुदरा कीमत 60.53 रुपये प्रति किलो रही। इसके अलावा, घरेलू आपूर्ति को मजबूत रखने के लिए वित्त मंत्रालय ने 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की समयसीमा को दो महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 कर दिया है (जिसे पहले 20 अगस्त को 31 अक्टूबर तक अनुमति दी गई थी), जिससे व्यापारियों द्वारा विदेशी खेप पहुँचने से पहले ही स्टॉक बाजार में निकालने और महंगाई पर लगाम लगने की उम्मीद है। सरकार ने इसके साथ ही व्यापारियों के लिए चीनी के स्टॉक की सीमा भी तय कर दी है।




### शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी दिन बड़ी गिरावट

# सेंसेक्स 318 अंक टूटा निफ्टी 25,144 पर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 13 नवंबर को गिरावट के साथ कारोबार समाप्त हुआ। कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 318 अंक टूटकर 81,592 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 155 अंकों की गिरावट के साथ 25,144 के स्तर पर आ गया। बाजार में दिनभर बिकवाली का दबाव देखने को मिला और प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

शुक्रवार के कारोबार में सबसे ज्यादा दबाव रियल्टी, मेटल और ऑटो सेक्टर के शेयरों में देखने को मिला। इन क्षेत्रों से जुड़े शेयरों में निवेशकों ने जमकर बिकवाली की, जिससे बाजार की गिरावट को और बल मिला। खासकर रियल एस्टेट और धातु कंपनियों के शेयरों में कमजोरी ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। ऑटो सेक्टर में भी कई प्रमुख कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, सप्ताह के अंतिम कारोबारी सत्र में निवेशकों की सतर्कता और चुनिंदा शेयरों में मुनाफावसूली के चलते बाजार पर



दबाव बना रहा। प्रमुख सेक्टरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही कमजोर होकर बंद हुए। हालांकि, बाजार की आगे की दिशा वैश्विक संकेतों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। इस गिरावट के साथ ही शेयर बाजार में कारोबारी सप्ताह का समापन हुआ। निवेशकों की नजर अब अगले सप्ताह बाजार की शुरुआत पर रहेगी। वैश्विक बाजारों के रुख और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर सोमवार को बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

## नडेला को पीछे छोड़ सुंदर पिचाई बने नंबर-1, मेहरोत्रा तीसरे स्थान पर

मृदुभाषी। नई दिल्ली

रिसर्च फर्म हुरुन ने दुनियाभर में भारतीय लीडर्स की 2026 की ग्लोबल लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला को पीछे छोड़कर पहले स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

आंकड़ों के मुताबिक, 2024 के बाद से अल्फाबेट की मार्केट वैल्यू दोगुनी यानी 98 प्रतिशत बढ़ी है और माइक्रोसॉफ्ट की वैल्यू में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसके चलते सुंदर पिचाई शीर्ष पर पहुंचे हैं। इस सूची में सबसे चौंकाने वाली छलांग संजय मेहरोत्रा की कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने लगाई है, जिसकी वैल्यू एआई चिप्स की जबरदस्त मांग के कारण 1,174 प्रतिशत बढ़कर 131.65 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। टॉप-5 लीडर्स की इस सूची में यूट्यूब के नील मोहन और गूगल क्लाउड



के थॉमस कुरियन भी शामिल हैं, और इन शुरुआती पाँच कंपनियों की कुल वैल्यू करीब 855.82 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। हुरुन की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 200 बड़ी कंपनियों की कमान 236 भारतीय लीडर्स संभाल रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर 53 लाख लोगों को रोजगार दे रही हैं और जिनकी कुल वैल्यू 2024 के मुकाबले 53 प्रतिशत बढ़कर 15 ट्रिलियन डॉलर यानी लगभग 1410.73 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

### चार उड़ानें रद्द होने से सैकड़ों यात्री फंसे, अथॉरिटी ने अधिकारी को किया तलब

# दुबई ने रोकी स्पाइसजेट चेक-इन सेवा

मृदुभाषी। नई दिल्ली

दुबई एयरपोर्ट प्रशासन ने भारतीय विमानन कंपनी स्पाइसजेट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी चेक-इन सेवा पर रोक लगा दी है। यह सख्त कदम एयरपोर्ट प्रशासन और ग्राउंड-हैंडलिंग कंपनी 'डीनाटा' का लगभग 35.85 करोड़ रुपये बकाया होने के कारण उठाया गया है। इस कार्रवाई के चलते एयरलाइन को गुरुवार 12 नवंबर को दुबई से दिल्ली, मुंबई, जयपुर और अमृतसर आने वाली अपनी चार उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जिससे सैकड़ों यात्री एयरपोर्ट पर ही फंस गए। दुबई के मुख्य एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी 'दुबई एयरपोर्ट्स' ने सोमवार को ही स्पाइसजेट को चेतावनी दे दी थी कि 13 अक्टूबर के बाद से कोई भुगतान न किए जाने के कारण उसका बकाया करीब 35.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और 12 नवंबर की समय-सीमा तक पूरा भुगतान न होने पर चेक-इन सेवा बंद कर दी जाएगी। निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी बकाया जमा




न होने पर गुरुवार को यह सेवा रोक दी गई, हालांकि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए केवल दो विलंबित उड़ानों—अहमदाबाद (SG-5115) और दिल्ली (SG-5106)—को उड़ान भरने की अनुमति दी गई क्योंकि इनका निर्धारित समय सेवा बंद होने से पहले का था। एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि पूरा बकाया चुकाए जाने तक अन्य सभी उड़ानों के लिए चेक-इन सुविधा पूरी तरह बंद रहेगी। इस सख्ती के बाद स्पाइसजेट के दुबई स्टेशन मैनेजर ने अपनी टीम को ईमेल भेजकर उन दो लेट उड़ानों के अलावा बाकी सभी प्रस्थान उड़ानें रद्द करने और विवाद सुलझने तक किसी भी उड़ान के संचालित न होने की घोषणा करने के निर्देश दिए, जिसके बाद रद्द की गई चारों उड़ानों के विमानों को बिना यात्रियों के ही खाली (फेरी सर्विस के रूप में) भारत वापस बुलाने का फैसला किया गया। दूसरी ओर, समय पर उड़ानें रद्द होने की सूचना यात्रियों को न देने पर दुबई के सिविल एविएशन विभाग ने स्पाइसजेट के स्टेशन मैनेजर को तलब कर कड़ी नाराजगी जताई और फंसे हुए यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने या उनके ठहरने के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आर्थिक तंगी से जूझ रही स्पाइसजेट ने फरवरी के बाद से अपने अगले तिमाही नतीजे भी जारी नहीं किए हैं, हालांकि इस नकारात्मक खबर के बावजूद गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) में कंपनी के शेयर 5 प्रतिशत के अपर सर्किट के साथ 8.26 रुपये पर बंद हुए।

### पहाड़ी तक रास्ता नहीं होने से आग बुझाने में आई परेशानी, ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा, स्थायी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# सिंगाजी पहाड़ी पर फिर भड़की आग, हवा के साथ तेजी से फैली लपटें

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** जिले के मनावर क्षेत्र में वन संपदा की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम वायल स्थित सिंगाजी पहाड़ी के वन क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। चारे में लगी आग ने तेज हवा के चलते कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और पहाड़ी के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 5 से 6 बीघा वन क्षेत्र में आग फैलने से वन संपदा को नुकसान होने की आशंका है। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मनावर से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन पहाड़ी तक पहुंचने का रास्ता नहीं होने से आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने के प्रयास जारी बने हुए थे।

ग्राम पंचायत वायल के उपसरपंच दिनेश पटेल के अनुसार, सिंगाजी पहाड़ी पर करीब 5 से 6 बीघा क्षेत्र आग की चपेट में आया है। दोपहर करीब 2 बजे तक आग बुझाने के



प्रयास जारी थे। आग किस कारण से लगी, इसका फिलहाल पता नहीं चल पाया है। तेज हवा के कारण आग की लपटें लगातार फैलती गईं। पहाड़ी पर सूखी घास और चारे के कारण आग को फैलने के लिए अनुकूल स्थिति मिल गई। ऐसे में वन क्षेत्र को बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

#### फायर ब्रिगेड के सामने चुनौती

फायर ब्रिगेड चालक गलसिंह ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र होने के साथ ही मौके तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इसके चलते आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टीम अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए संसाधनों की कमी भी चुनौती बन रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंगाजी पहाड़ी पर आग लगने की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं। इसके बावजूद वन क्षेत्र को आग से बचाने के लिए कोई ठोस और स्थायी व्यवस्था नजर नहीं आती। हर बार आग लगने के बाद उसे बुझाने की कवायद शुरू होती है, लेकिन आगजनी की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाए कि जब पहाड़ी पर बार-बार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं तो वन विभाग ने अब तक अग्नि ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से पहाड़ी क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा के लिए स्थायी इंतजाम करने की मांग की है। उनका कहना है कि आग बुझाने के लिए पर्याप्त संसाधन, पानी की व्यवस्था और आपात स्थिति में पहुंचने के लिए जरूरी रास्ते विकसित किए जाने चाहिए।

# सरकारी खरीदी से किसानों ने फेरा मुँह, मंडियों में बेच रहे है सोयाबीन

**खुले बाजार में बेहतर भाव और तत्काल भुगतान बना पसंद, पिछले साल 34 हजार पंजीयन के मुकाबले इस बार महज 469 किसानों ने कराया पंजीयन**

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** सोयाबीन की सरकारी खरीदी शुरू होने से पहले ही किसान खुले बाजार की ओर रुख कर चुके हैं। कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन के बेहतर दाम मिलने के चलते न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर उपज बेचने के लिए किसानों में खास उत्साह नजर नहीं आ रहा है। स्थिति यह है कि पिछले वर्ष जहां जिले में सोयाबीन उपार्जन के लिए करीब 34 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था, वहीं इस बार यह आंकड़ा घटकर महज 469 पर सिमट गया है।

किसानों की सरकारी खरीदी से बढ़ती दूरी के पीछे सबसे बड़ा कारण खुले बाजार में एमएसपी से अधिक भाव मिलना और मंडी में उपज बेचने पर तत्काल भुगतान होना बताया जा रहा है। सरकारी केंद्रों पर पंजीयन, स्लॉट बुकिंग, उपज की ग्रेडिंग और भुगतान की प्रक्रिया से बचने के लिए किसान सीधे मंडियों में उपज लेकर पहुंच रहे हैं। जिला मुख्यालय की ए क्लास अनाज मंडी में प्रतिदिन औसतन 8 से 10 हजार बोरी सोयाबीन की आवक हो रही है। इससे साफ है कि सरकारी खरीदी के बजाय निजी व्यापारियों के माध्यम से उपज बेचने में किसान अधिक फायदा देख रहे हैं।

#### 7000 तक पहुंचा सोयाबीन का भाव, एमएसपी से अधिक कीमत

पिछले 10 दिनों के मंडी कारोबार पर नजर डालें तो सोयाबीन के भाव 6500 से 7500



रुपए प्रति क्विंटल के आसपास बने हुए हैं। यह पिछले वर्ष घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक है। खुले बाजार में बेहतर गुणवत्ता वाली सोयाबीन को लेकर व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिल रही है। ऐसे में किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है। यही वजह है कि किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर जाने के बजाय मंडियों में उपज बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

#### लंबी प्रक्रिया और भुगतान का इंतजार भी बना दूरी की वजह

किसान अमोल पाटीदार के अनुसार सरकारी खरीदी केंद्र पर उपज बेचने के लिए पहले पंजीयन कराना पड़ता है। इसके बाद स्लॉट बुकिंग, निर्धारित तारीख पर उपज ले जाना और ग्रेडिंग जैसी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। वहीं भुगतान भी सीधे खाते में आने के कारण इंतजार करना पड़ सकता है। इसके विपरीत मंडी में उपज लेकर पहुंचने पर बोली के माध्यम से भाव तय हो जाता है और भुगतान भी जल्द मिल जाता है। किसानों के लिए बेहतर भाव के साथ यह सुविधा भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में सरकारी खरीदी की प्रक्रिया के बजाय मंडी में उपज बेचना अधिक सुविधाजनक और फायदेमंद साबित हो रहा है।

#### भावांतर योजना में भी नहीं दिखा किसानों का उत्साह

सरकार की भावांतर योजना के तहत भी जिले में किसानों का रुझान अपेक्षाकृत कम रहा। धार में 160 किसानों ने पंजीयन कराया है। बदनावर में 100, सरदारपुर में 86, पीथमपुर में 38, मनावर में 35, धरमपुरी में 24, गंधवानी में 16, कुक्षी में 8 और डही में केवल 2 किसानों ने पंजीयन कराया। योजना के लिए निर्धारित अंतिम तिथि भी समाप्त हो चुकी है। पंजीयन के इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस बार किसानों ने सरकारी योजना के मुकाबले खुले बाजार के भावों पर अधिक भरोसा जताया है।

#### मंडियों में अलग-अलग भाव, कई जगह मॉडल रेट भी ऊंचा

जिले की प्रमुख कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन के भाव में अंतर देखने को मिल रहा है। धार मंडी में पिछले वर्ष की समान अवधि में मॉडल रेट 6500 रुपए प्रति क्विंटल था, जो इस वर्ष बढ़कर 6700 रुपए दर्ज हुआ है। बदनावर मंडी में न्यूनतम भाव 7700, अधिकतम 8500 और मॉडल रेट 8127 रुपए रहा। राजगढ़ मंडी में पिछले वर्ष के 7000 रुपए के मुकाबले इस वर्ष मॉडल रेट 7500 रुपए दर्ज किया गया। मनावर मंडी में न्यूनतम 6000, अधिकतम 9500 और मॉडल रेट 9000 रुपए रहा। कुक्षी मंडी में न्यूनतम भाव 7750 और अधिकतम 9800 रुपए के साथ मॉडल रेट 9200 रुपए तक पहुंचा। वहीं गंधवानी मंडी में आवक बढ़ने के बावजूद न्यूनतम भाव 8500, अधिकतम 9480 और मॉडल रेट 9000 रुपए दर्ज किया गया, जबकि पिछले वर्ष यहां मॉडल रेट 6300 रुपए था। मंडियों में मिल रहे इन भावों के चलते किसानों के सामने सरकारी खरीदी की तुलना में खुले बाजार का विकल्प अधिक आकर्षक बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि खरीदी प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी सरकारी केंद्रों पर किसानों की संख्या बढ़ती है या मंडियों में ही सोयाबीन की आवक का दबाव बना रहता है।

### पीथमपुर के उद्योगों को मिलेगी रेल कनेक्टिविटी, चार नए स्टेशन

# इंदौर-दाहोद रेल परियोजना से खुलेंगे औद्योगिक विकास के रास्ते

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** इंदौर से धार तक ट्रेन से सफर करने का सपना अब साकार होने की दहलीज पर है। करीब दो दशक पहले स्वीकृत इंदौर-दाहोद रेल परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा होने के बाद अब पीथमपुर से धार के बीच रेल संचालन शुरू होने का इंतजार है। कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा रेलखंड का निरीक्षण किया जा चुका है और अब संचालन के लिए अंतिम हरी झंडी मिलने की प्रतीक्षा है।

इस रेल लाइन के शुरू होते ही इंदौर, पीथमपुर और धार के बीच आवागमन की तस्वीर बदलने के साथ ही मालवा के औद्योगिक और आदिवासी अंचल के विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

#### पीथमपुर, सागौर, गुणावद और धार नए स्टेशन बनेंगे

इंदौर-धार रेलखंड शुरू होने के बाद चार नए स्टेशन रेलवे नेटवर्क का हिस्सा बनेंगे। इनमें पीथमपुर, सागौर, गुणावद और धार शामिल हैं। इससे इन स्टेशनों के आसपास बसे गांवों और कस्बों के लोगों को रेल परिवहन की सुविधा मिलेगी। खास बात यह है कि आजादी के बाद पहली बार धार जिले में यात्री रेल सेवा पहुंचेगी। इंदौर, पीथमपुर



और धार के बीच प्रतिदिन हजारों लोग नौकरी, कारोबार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए आवागमन करते हैं। फिलहाल अधिकांश निर्भरता सड़क मार्ग पर है। रेल सेवा शुरू होने से यात्रियों को बस और निजी वाहनों के अलावा एक नया विकल्प मिलेगा।

#### पीथमपुर के उद्योगों को मिलेगा बड़ा फायदा:

इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक पहलू पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र है। यहां ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, फार्मा सहित कई बड़े उद्योग संचालित हैं। वर्तमान में इन इकाइयों को कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों की ढुलाई के लिए मुख्य रूप से सड़क परिवहन पर निर्भर रहना पड़ता है। रेल कनेक्टिविटी मिलने से उद्योगों को माल ढुलाई का नया विकल्प मिलेगा। इससे परिवहन लागत और समय कम करने में मदद मिल सकती है। सागौर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के साथ मालगाड़ियों के संचालन के लिए भी प्लेटफॉर्म की व्यवस्था की गई है।

#### इंदौर से मुंबई की रेल दूरी करीब 60 किमी घटेगी

परियोजना से इंदौर से मुंबई के बीच रेल कनेक्टिविटी को भी नया रास्ता मिलेगा। वर्तमान में इंदौर से मुंबई की रेल दूरी करीब 829 किलोमीटर है, जो घटकर लगभग 774 किलोमीटर रह जाएगी। यानी करीब 55 किलोमीटर की दूरी कम होगी। इससे यात्रियों के समय की बचत होने के साथ माल परिवहन को भी गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से इस रेल लाइन का इंतजार कर रहे मालवा क्षेत्र के लोगों के लिए यह परियोजना आवागमन की सुविधा के साथ व्यापार, उद्योग और पर्यटन के विस्तार का माध्यम बन सकती है।



### लाड़ली बहनों के खातें में 16.72 करोड़ की राशि अंतरित

आगर-मालवा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत शुक्रवार को जिले की 1,13,657 हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक से 16 करोड़ 72 लाख 25 हजार 900 रूपए की राशि अंतरित की गई है। यह राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातें में अंतरित की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शिवपुरी जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शुक्रवार को सिंगल क्लिक के माध्यम से मध्य प्रदेश की लाडली बहनों के खाते में योजना तहत इस माह की अनुदान राशि का अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम का सभी जिलों में सीधा प्रसारण भी किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय आगर में भी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत राशि अंतरण के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

# नौ दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**नलखेड़ा।** नगर परिषद बड़ागांव में सफाई कर्मचारियों की पिछले नौ दिनों से वेतन भुगतान की मांग को लेकर काम बंद हड़ताल जारी है। इसके मद्देनजर सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण अब नगर के हालात बिगड़ने लगे हैं। नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, गली-मोहल्लों सहित जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। कचरे से उठने वाली दुर्गंध के कारण दुकानदारों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कचरे के ढेरों में मच्छर पनपने लगे हैं, जिससे मच्छरजनित बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई



है। सड़कों पर पड़ा कचरा हवा के साथ उड़कर नालियों में पहुंच रहा है, जिससे नालियां भी जाम होने लगी हैं। नालियों में जमा गंदगी से दुर्गंध फैल रही है। इसके अलावा घरों से निकलने वाला कचरा एकत्रित करने वाले कचरा वाहन भी बंद पड़े हैं। ऐसे में नागरिकों को मजबूरी में घरों का कचरा इधर-उधर जमा करना पड़ रहा है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा भी सफाई व्यवस्था सुचारू रखने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

#### छह माह से नहीं मिला वेतन

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारियों का पिछले छह माह का वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों ने काम बंद हड़ताल शुरू की है। वेतन भुगतान को लेकर कर्मचारियों और नगर परिषद के बीच बनी स्थिति का खामियाजा अब सीधे नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

#### हड़ताल व धरना प्रदर्शन की चेतावनी

कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र मौसर, शैलेंद्र गिलानी, जिला महामंत्री मोहित नरवाल, नगर महामंत्री सहित पार्षद पुत्र राहुल यादव, पार्षद कौशल दुबे एवं पार्षद कालूराम मालवीय द्वारा शुक्रवार को आवेदन सौंपकर नगर परिषद कर्मचारियों का बकाया वेतन तीन दिनों के अंदर भुगतान करने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित तीन दिनों में कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तो सभी कर्मचारी एकजुट होकर सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे एवं धरना प्रदर्शन करेंगे।

#### इनका कहना है...

मेरे कार्यकाल को आठ माह ही हुए हैं। बावजूद मेरे द्वारा 10 माह के वेतन का भुगतान कर्मचारीयों के खातों में किया गया है। दीपावली पर्व के पूर्व भी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जलप्रदाय तथा फायर ब्रिगेड के दो कर्मचारियों को सफाई वाहन पर लगाया गया था। जिन्हे काम नहीं करने दिया गया।

**प्रेम शंकर परमार**
**सीएमओ बड़ागांव**

### निरीक्षण | आयुक्त सहकारिता दीपक सिंह ने बी-पैक्स सागौर का किया निरीक्षण

# समस्याएं सुनीं, खाद की शिकायत का निराकरण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को सहकारिता विभाग के आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल दीपक सिंह ने बी-पैक्स सागौर पहुंचकर कृषक सदस्यों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसंवाद के दौरान खाद उपलब्धता से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन की एक शिकायत सामने आई, जिस पर आयुक्त ने शिकायतकर्ता से सीधे चर्चा कर समस्या जानी और तत्काल कार्रवाई करवाकर मौके पर ही उसका संतोषजनक निराकरण कराया।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त दीपक सिंह ने किसानों से सहकारी संस्थाओं के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। किसानों ने उन्हे खाद की समस्या बताई। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को खाद एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध



कराने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। शिकायतों का निराकरण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि आवेदकों की संतुष्टि के साथ सुनिश्चित किया जाए।

#### आयुक्त ने डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की व्यवस्था देखी

जनसंवाद के बाद आयुक्त ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित धार की सागौर शाखा, संबद्ध बी-पैक्स संस्था और उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया।

बैंक शाखा में ग्राहकों को दी जा रही बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की व्यवस्था देखी। अधिकारियों ने उन्हें एनईएफटी, आरटीजीएस, इंटरनेट व्यू फैसिलिटी, माइक्रो एटीएम और मर्चेंट क्यूआर कोड सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। इन सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग लेनदेन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

#### संस्था की कार्यप्रणाली और अभिलेखों के संधारण की समीक्षा

बी-पैक्स संस्था के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संस्था की कार्यप्रणाली और अभिलेखों के संधारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने, किसानों को रासायनिक उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने और संस्था परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होने सरकारी उचित मूल्य की दुकान पर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर राशन उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस दौरान उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक वर्षा श्रीवास, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रायकवार, पूर्व संस्था अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चौधरी, स्थापना अधिकारी सुरेशचंद्र पाटीदार, योजना एवं विकास प्रभारी अंकित परमार, प्रभारी शाखा प्रबंधक नेहा वर्मा सहित सागौर एवं बक्साना संस्था के कृषक सदस्य, प्रबंधक और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पद के बोर्ड से नहीं, काम के आधार पर होगी भाजपा पदाधिकारियों की पहचान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन की मासिक बैठक नारायणी नेचर पार्क में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू, जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिला महामंत्री सिद्धार्थ सिंह एवं पुष्पेंद्र जैन सहित जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब जिले में कोई भी भाजपा पदाधिकारी या कार्यकर्ता अपने निजी वाहनों पर संगठनात्मक पदनाम का बोर्ड नहीं लगाएगा।



भाजपा में किसी की पहचान उसके पद या वाहन पर लगे बोर्ड से नहीं, बल्कि उसके संगठनात्मक समर्पण, जनसेवा और कार्यों के आधार पर स्थापित होगी।

#### पदनाम के बोर्ड हटाए

इस निर्णय के तत्काल बाद बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने स्वयं पहल करते हुए अपने चार पहिया वाहनों से पदनाम के बोर्ड हटा दिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह के माध्यम से जारी बयान में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने आपसी सहमति और संगठनात्मक भावना के साथ यह निर्णय लिया है। अब प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी पहचान अपने पद के बोर्ड से नहीं, बल्कि अपने कार्य, व्यवहार, जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण से स्थापित करेगा। जिलाध्यक्ष ने जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अपेक्षा की है कि जिनके भी निजी वाहनों पर संगठन के पदनाम वाले बोर्ड लगे हुए हैं, वे उन्हें तत्काल हटा दें। उन्होने कहा कि संगठन में पद महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है।

### कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र कनिष्ठ शीघ्र लेखक को निलंबित करने के दिए निर्देश

# मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में देखी प्रक्रिया, किसानों से संवाद

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**खरगोन।** जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर गुरु प्रसाद ने जिले में विभिन्न कृषि संस्थानों, भंडारण केंद्र एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में जांच प्रक्रिया देखी। इसके बाद किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कृषि विज्ञान केंद्र, खाद भंडारण एवं वितरण व्यवस्था तथा जल प्रदाय केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर प्रसाद ने कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। यहां वैज्ञानिकों की अनुपस्थिति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ शीघ्रलेखक कार्यालय में अनुपस्थित पाई गई। कार्यालय में एक आवेदन पत्र था जिस पर काट-छाट कर माह 9 को संशोधित कर नवंबर बनाया गया था। निरीक्षण दिनांक का कोई आकस्मिक आवेदन नहीं पाया गया और न ही कार्यालय को इस संबंध में कोई जानकारी थी। इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारी को उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के लिए तत्काल पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसके अलावा भी कलेक्टर ने विभिन्न प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश जारी किए



#### अधिकारी ने दी कलेक्टर को प्रक्रिया की जानकारी

जिला स्तरीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कृषि विकास अधिकारी श्रीमती नम्रता निरगुड़े ने मिट्टी के नमूने लेने, नमूनों के परीक्षण तथा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कलेक्टर प्रसाद ने किसानों को वितरित किए जाने वाले सॉइल हेल्थ कार्ड का अवलोकन किया। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को निःशुल्क सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे वे मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार संतुलित उर्वरकों का उपयोग कर सके। कलेक्टर ने कहा कि संतुलित उर्वरक की जानकारी लें।

#### ई.विकास पोर्टल को लेकर जाने किसानों के अनुभव

कलेक्टर ने खाद लेने पहुंचे किसानों से सीधे संवाद कर ई.विकास पोर्टल के माध्यम से खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं उनके अनुभव जाने। जल प्रदाय केंद्र का भी निरीक्षण कर वाटर फिल्टर टैंक, केमिकल डोजिंग टैंक, टेस्टिंग लैब एवं स्काडा कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि शिव सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र कटारे, सहायक परियोजना अधिकारी उमेश जोशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कौल, सहायक संचालक कृषि दीपक मालवीय आदि मौजूद रहे।

## वकीलों ने किया कोर्ट भवन के स्थानांतरण का विरोध

**रतलाम।** जिला न्यायालय भवन को शहर से बाहर ग्राम बंजली में स्थानांतरित करने के आदेश पर जिला अभिभाषक संघ ने शुक्रवार को विरोध जताया। कार्य से विरक्त रहते हुए रैली निकाल कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर से मिलने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट की सीढ़ियों पर बैठ गए। कलेक्टर अजय कटसेरिया के मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में रतलाम से बाहर होने के कारण अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारी व कई वकील लौट गए। लेकिन 10 से 15 वकील कलेक्टर से मिलने के लिए शाम तक कलेक्ट्रेट में ही बैठे रहे। शाम 5 बजे बाद कलेक्टर आए। फिर उनके चैंबर में वकीलों ने उनसे मुलाकात की। जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कलेक्टर ने शहर से 10 किमी दूर न्यायालय भवन को स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रस्ताव पर तहसीलदार द्वारा वर्तमान परिसर के आसपास की भूमि को उपयुक्त मानते हुए प्रकरण विचाराधीन था। इसके बावजूद कलेक्टर ने संघ को विश्वास में लिए बिना और बिना कोई आपत्ति बंजली में जमीन आवंटित कर दी।

# शिविर में विधायक ने सूनी समस्याएं हितग्राहियों को किया गया लाभांवित

### नंदगांव बगुद में हुआ जनविश्वास शिविर का आयोजन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**खरगोन।** जनपद पंचायत खरगोन के ग्राम नंदगांव बगुद में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर गुरु प्रसाद, पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा, एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, सरपंच राधेश्याम गुर्जर और सचिव शिवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जो अभियान प्रारंभ किया है, उसी श्रृंखला में यह शिविर है।

#### बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया लाभ

विधायक ने कहा कि आज इस शिविर में जिले के सभी अधिकारी मौजूद हैं, जिससे जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या जिनकी राजस्व




सहित अन्य कोई निजी समस्या है, उसका समाधान मौके पर ही हो सके। विधायक ने कहा कि सरकार जनकल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार की मंशा है कि नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इस लिए यह शिविरआयोजित हो रहे है। दिन भर चले इस शिविर का बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया। वक्ताओं ने पुस्तकालय को ज्ञानवर्धन और समस्या समाधान में सहायक बताया, मोबाइल पर रील्स देखने के बजाय किताबें पढ़ने का आह्वान किया।

#### माँ नाग देवी ज्ञान मंदिर पुस्तकालय का उद्घाटन

इस अवसर पर नवनिर्मित पंचायत भवन और मां नाग देवी ज्ञान मंदिर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। शिविर में आयुष विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांचए सिकल सेल परीक्षण और उपचार किया। साथ ही लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। पशुपालन एवं डेयरी, कृषि, उद्यमिता जागरूकता, आधार पंजीयन, सौर ऊर्जा, उद्यानिकी, वन विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, नशामुक्ति अभियान, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, शासकीय आईटीआई सहित कई विभागों के स्टॉल लगे थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। अतिथियों द्वारा कई योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया गया।



## भगवान गोपाल कृष्ण को लगे 56 भोग

कांटाफोड़। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सीताराम उपाध्याय परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान गोपाल कृष्ण जी को छप्पन भोग लगाया गया। परिवार के राजेश उपाध्याय कमलेश उपाध्याय, बनवारी उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान गोपाल कृष्ण को छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट का आयोजन किया गया साथ ही नगर की भजन मंडलियों ने भजन कीर्तन किया। अन्नकूट मे बडी संख्या मे नागरिकों ने प्रसादी ग्रहण की।

# बलिदान को जन-जन तक पहुंचाएंगे: धुर्वे

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को होंगे भव्य आयोजन, जिले में निकाली जाएगी सांस्कृतिक रैली

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अनूपपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता मेंम डिंडौरी विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि जनजातीय गौरव सप्ताह का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज के महान नायकों के शौर्य, संघर्ष, बलिदान और गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाना तथा नई पीढ़ी को उनके ऐतिहासिक योगदान से परिचित कराना है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मार्को, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह एवं जिला सह मीडिया प्रभारी राम केवट उपस्थित रहे।धुर्वे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष




2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की ऐतिहासिक शुरूआत की।

#### जनजातीय महापुरुषों के सम्मान में अनेक कार्य

धुर्वे ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा जनजातीय महापुरुषों के सम्मान में अनेक विकास एवं जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। रानी दुर्गावती के सम्मान में जबलपुर और दमोह जिले के संग्रामपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई, वहीं पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह के सम्मान में कैबिनेट बैठक हुई। रानी दुर्गावती के नाम पर श्री अन्न योजना, टंट्या मामा के नाम पर खरगोन में विश्वविद्यालय तथा राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के नाम पर मंडला में मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है।

#### 15 नवंबर को भव्य सांस्कृतिक रैलियां

उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को प्रदेशभर में भव्य आयोजन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार के मंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सभी जिलों में दो से तीन किलोमीटर लंबी सांस्कृतिक रैलियां निकाली जाएंगी। इनमें जनजातीय समाज की लोककला, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, संगीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। 14 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती की पूर्व संध्या पर जनजातीय महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं देवस्थानों पर स्वच्छता अभियान और दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम होंगे। प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं छात्रावासों में भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई जाएगी।

#### छात्रावासों में संवाद और गांवों में गौरव चौपाल

जनजातीय गौरव सप्ताह के तहत 16 एवं 17 नवंबर को जनजातीय छात्रावासों में युवाओं के साथ सीधा संवाद एवं संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 18 से 20 नवंबर तक जनजातीय विकासखंडों के चयनित गांवों में जनजातीय गौरव चौपाल आयोजित की जाएंगी। इन चौपालों में जनजातीय समाज की उपलब्धियों, आवश्यकताओं और विकास से जुड़े विषयों पर संवाद करेंगे।

# गोलेश्वर धाम के महंत पर हुआ जानलेवा हमला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**करहिया / भितरवार।** करहिया क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गोलेश्वर धाम के महंत सोमनाथ गिरी महाराज पर बीती रात (12 नवंबर, बुधवार) अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। चेहरे पर कपड़ा बांधकर आए तीन हमलावरों ने महाराज के साथ जमकर मारपीट की और जाते-जाते उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

महंत सोमनाथ गिरी महाराज के अनुसार, बुधवार रात करीब 12 बजे तीन अज्ञात लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर मंदिर परिसर में दाखिल हुए। उन्होंने आते ही महाराज के साथ मारपीट शुरू कर दी। चेहरा ढका होने के कारण महंत उन्हें पहचान नहीं सके। मारपीट के बाद जाते-जाते तीनों हमलावर चेतावनी देकर गए कि 'यदि तुम अब यहाँ दोबारा दिखे तो गोली मार देंगे।' घटना के बाद महाराज ने तत्काल पुलिस प्रशासन को मामले की सूचना दी। महंत का आरोप है कि मंदिर की



जमीन को लेकर कुछ लोगों के साथ उनका लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। उन्हें पूरा शक है कि जमीन विवाद से जुड़े पक्ष ने ही भाड़े के लोगों से यह हमला करवाया है।

#### सुरक्षा की मांग

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, घटना के बाद क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। महंत सोमनाथ गिरी महाराज ने प्रशासन से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है और हमलावरों व साजिशकताओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पांच गौवंश को कराया मुक्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**कसरावद।** बलकवाड़ा थाना क्षेत्र की खलटाका चौकी पुलिस ने अवैध गोवंश परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच गोवंश को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है।

जानकारी के अनुसार, खलटाका चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध वाहन में अवैध रूप से गोवंश भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए चौकी के सामने एबी रोड पर सख्त नाकाबंदी की। जहां एक टेंपो को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके अंदर पांच गोवंश बेहद क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे हुए पाए गए। पुलिस द्वारा चालक से गोवंश परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। मामले में आरोपी चालक सचिन शिंधे पिता नकुल शिंधे निवासी सुदामा कॉलोनी, सेंधवा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। कार्रवाई को एसडीओपी श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन तथा बलकवाड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक सागर चौहान व खलटाका चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मिथुन चौहान के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मोहन मुजलदे, अखिलेश भूरिया, आरक्षक जितेंद्र सिंह बघेल, महेंद्र ठाकुर, राकेश चौहान, साहिल सेन और सैनिक गुलसिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# 11,111 रुपये सोयाबीन एवं 33 हजार रुपए क्विंटल बिकी लहसुन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**आष्टा।** कृषि उपज मंडी आष्टा, जावर में एवं नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में संचालित उन्नतिशील लहसुन-प्याज मंडी में दीपावली अवकाश के बाद आज शुक्रवार को परंपरानुसार आज खरीदी मुहूर्त में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए एवं व्यापारियों की उपस्थिति में पूजन कर खरीदी मुहूर्त किया।

मुहूर्त में आष्टा मंडी में सोयाबीन 11 हजार 111 रुपये,जावर मंडी में सोयाबीन 9177 रुपये कुंटल के भाव एवं नवीन मंडी में लहसुन 33 हजार रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिकी जिसे पार्वती ट्रेडिंग कम्पनी ने खरीदी। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी मंडियों में प्रथम किसान और खरीदार व्यापारी का साफा बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मोदी एवं मोहन यादव की सरकार ने सभी के लिये नर्मदा का पानी खेतो तक पहुचा दिया है अब किसानों को भरपूर पानी मिलेगा,उत्पादन बढेगा,आय दोगुनी होगी ।



**आयोजन** सांदीपनी एकेडमी में बाल दिवस पर उमंग, प्रतिभा और सीख का अनूठा संगम

# बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से जीता दिल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**मंडलेश्वर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर में दो दिवसीय विशेष आयोजन का शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को आयोजित विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और अभिभावकों की सहभागिता ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई।

रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों एवं आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया। बच्चों की रचनात्मकता और मंच पर




उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष आकर्षण रही, वहीं, कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगों, आकृतियों और आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से अपनी अद्भुत कलात्मक प्रतिभा एवं कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने टीम भावना और आपसी सहयोग के साथ सुंदर रंगोलियाँ सजाईं। रंगों से सजे इस कलात्मक आयोजन ने विद्यालय परिसर को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया।

#### खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए

इस अवसर पर कॉमर्स के विद्यार्थियों द्वारा ट्रेड फेयर का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों एवं अन्य आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल लगाए। बच्चों एवं अभिभावकों ने अपनी पसंद की चीजें खरीदकर और उनका आनंद लेकर इस आयोजन को यादगार बनाया। ट्रेड फेयर विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक शिक्षा का सशक्त माध्यम बना, जहाँ उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, खरीद-बिक्री, संवाद कौशल, टीमवर्क एवं आत्मनिर्भरता का अनुभव प्राप्त हुआ।

#### बच्चों के विकास में माता-पिता की भूमिका : जोशी

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश सी. जोशी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए सचेतन एवं प्रभावी पैरेंटिंग के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की भूमिका, बच्चों को समझने, उनकी भावनाओं का सम्मान करने, उचित मार्गदर्शन देने तथा उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण में विद्यालय और अभिभावकों के बीच सामंजस्यपूर्ण सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की विद्यालय के डायरेक्टर राजेश्वर पाटीदार एवं श्रीमती सारिका पाटीदार, मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल पाटीदार, उपप्राचार्य संजय वर्मा तथा संस्थापक की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली श्रीराम ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ जीवन के व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ते हैं। पैरेंटिंग सेशन विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## प्रथम पाटोत्सव पर 5 दिवसीय आयोजन 18 से

**मंडलेश्वर/धरगांव।** तहसील महेश्वर के ग्राम धरगांव स्थित भगवान श्री श्याम सांवलिया जी धाम में प्रथम पाटोत्सव के उपलक्ष्य में 18 से 22 नवंबर तक पांच दिवसीय भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण के बीच विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सेवा गतिविधियां आयोजित होंगी। वहीं 12 नवंबर से 25 नवंबर तक 15 दिवसीय भव्य श्याम मेले का भी आयोजन किया जा रहा है।आयोजन के पहले दिन प्रातः 8 बजे निशान यात्रा एवं कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा श्रीराम मंदिर धरगांव से प्रारंभ होकर श्री श्याम सांवलिया धाम पहुंचेगी। इसी दिन रात्रि में ओपन गरबा रास प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## वार्डवासियों के लिए हुआ शिविर का आयोजन

शाजापुर। नगर पालिका परिषद की ओर से शासन की मंशानुसार शहर के सभी वार्डों में प्रत्येक शुक्रवार को जनकल्याणकारी शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड 13 और 28 के लिए काशीनगर स्थित कॉम्प्लेक्स में शिविर आयोजित किया गया। इसमें 50 से अधिक लोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इनमें स्ट्रीट लाइट, सफाई और पेयजल से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं। शिविर में विभागों की ओर से स्टाल लगाए गए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की समस्याएं सुनी गईं और उनका निराकरण किया गया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्रीमती भावना निगम पतिश्री अवधेश सिंह** पता **116, मौर्या एक्जीक्युटिव, कनाड़िया इन्दौर** झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 पिन. नं. **1001346152** क्रेता जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है । इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **14.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **सुगना देवी** पता **134, पैकि दिशा, तिलक नगर, इन्दौर** झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 क्रेता जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है । इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **14.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर**

# 283 करोड़ के 'यूनिटी मॉल' निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप

**सांसद की शिकायत पर केंद्र ने दिया उच्चस्तरीय जांच का आश्वासन**

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** भगवान महाकालेश्वर जी मंदिर के समीप हरिफाटक मार्ग पर उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा 283 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'यूनिटी मॉल' की निर्माण गुणवत्ता सवालों के घेरे में आ गई है।

शहर की संस्कृति के अनुरूप हेरिटेज लुक में तैयार हो रहे इस मॉल के निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर उन्हें लिखित शिकायत सौंपी है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

### सामग्री और सरियों की गुणवत्ता बेहद संदिग्ध

सांसद फिरोजिया के अनुसार, उन्होंने पिछले दिनों निर्माण स्थल का दो से तीन बार औचक निरीक्षण किया था, जिसमें इस्तेमाल की जा रही सामग्री और सरियों की गुणवत्ता बेहद संदिग्ध पाई गई। इसके अतिरिक्त, सरियों का उपयोग तय इंजीनियरिंग नियमों और अनुपात के मुताबिक भी नहीं किया जा रहा है। सांसद ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताई कि इतने बड़े प्रोजेक्ट में सामग्री की नियमित क्वालिटी जांच नहीं हो रही है। उनका आरोप है कि यूडीए के स्थानीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद



जब कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हुआ, तो उन्हें यह मामला सीधे केंद्र सरकार के समक्ष उठाना पड़ा।

### मॉल में 36 राज्यों की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी

गौरतलब है कि इस मॉल में एक ही छत के नीचे देश के 36 राज्यों की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। पांच मंजिला इस भव्य इमारत के भूतल और प्रथम तल पर 36,300-36,300 वर्गफीट तथा दूसरी से पांचवीं मंजिल तक 17,400-17,400 वर्गफीट में निर्माण प्रस्तावित है। मॉल में अन्य राज्यों के शोरूम, दुकानें, दो मल्टीप्लेक्स, मोटे अनाज की दुकान, रेस्टोरेंट, कन्वेंशन सेंटर, बच्चों के लिए गेम जोन, पार्क और विशाल पार्किंग एरिया विकसित किया जा रहा है। चार चरणों में बन रहे इस प्रोजेक्ट का कार्य अप्रैल 2024 में शुरू हुआ था और इसे जून 2026 तक पूरा होना था, लेकिन लापरवाही और धीमी गति के कारण अब तक महज 65 प्रतिशत काम ही हो पाया है। छह महीने की देरी से चल रहे इस प्रोजेक्ट के अब अप्रैल 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है।

## भगवान महाकाल की सवारियां 16 नवंबर से निकलेंगी

**उज्जैन।** कार्तिक और अगहन माह के दौरान भगवान महाकालेश्वर की पांच परंपरागत सवारियां निकलेंगी। भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में रजत पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार, सवारियों का सिलसिला 16 नवंबर से शुरू होगा। 22 नवंबर की रात 11 बजे हरिहर मिलन की सवारी निकलेगी। इसके अगले दिन 23 नवंबर को कार्तिक माह की दूसरी सवारी नगर भ्रमण करेगी। इस तरह श्रद्धालुओं को लगातार दो दिन बाबा के दर्शन का मौका मिलेगा। हरिहर मिलन पर भगवान महाकाल मनमहेश स्वरूप में दर्शन देंगे।

22 और 23 नवंबर को लगातार दो दिन सवारियां निकलने के कारण मंदिर समिति और प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सवारी मार्ग पर बैरिकेडिंग और रोशनी के इंतजाम किए जाएंगे। इसके अलावा चिकित्सा दल, मजिस्ट्रेट ड्यूटी, प्रचार-प्रसार वाहन, महाकाल ध्वज और रजत ढोल की व्यवस्था भी की जाएगी। मंदिर समिति के अनुसार, श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने और भीड़ नियंत्रित करने के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएंगे।

**500 रुपए की वीआईपी टिकट लेकर भी चार घंटे इंतजार करने को मजबूर है भक्त**

# कालभैरव मंदिर में भीड़ ले रही है व्यवस्थाओं की परीक्षा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** भगवान बाबा महाकाल जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अब कालभैरव मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्थाओं की भी कड़ी परीक्षा ले रही है। शुक्रवार को मंदिर में दर्शनार्थियों का इतना सैलाब उमड़ा कि सामान्य भक्तों के साथ-साथ 500 रुपए की वीआईपी टिकट लेने वाले श्रद्धालुओं को भी घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ा।

हालात इतने बदतर रहे कि किसी को ढाई घंटे तो किसी को चार घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। तेज धूप और उमस के बीच कतार में खड़े बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खासे परेशान नजर आए, वहीं अव्यवस्थाओं से त्रस्त होकर कई श्रद्धालु बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए।

### बाहर से लेकर पूरे दर्शन मार्ग तक लंबी कतारें

देश भर, विशेषकर महाराष्ट्र और गुजरात से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कालभैरव के दर्शन करने पहुंच रहे हैं, जिससे मंदिर के बाहर से लेकर पूरे दर्शन मार्ग तक लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं में सबसे अधिक नाराजगी वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर देखी गई। प्रयागराज से आए जितेंद्र मौर्य ने बताया कि



वीआईपी टिकट लेने के बावजूद उन्हें दर्शन में करीब चार घंटे लग गए। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि प्रोटोकॉल के नाम पर 500 से 1000 रुपए लेकर कुछ लोगों को सीधे दर्शन कराए जा रहे हैं, जबकि टिकटधारी और आम श्रद्धालु घंटों कतार में धक्के खा रहे हैं। वहीं, राजकोट से आए मनीष ने बताया कि वीआईपी टिकट काउंटर पर ही आधे से डेढ़ घंटे की लंबी लाइन लग रही है। श्रद्धालुओं ने अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने की मांग उठाई। इसी तरह श्रद्धालु कैलाश कालवा ने बताया कि सुबह 9 बजे लाइन में लगने के बाद उन्हें ढाई घंटे में दर्शन हुए। दर्शन मार्ग पर चार-चार समानांतर लाइनें चलने और कुप्रबंधन के कारण भीड़ का दबाव बढ़ता जा रहा है।

### पानी और छांव तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं

अव्यवस्था का आलम यह है कि लंबी कतारों में खड़े भक्तों के लिए पीने के पानी और छांव तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। परिजन छोटे बच्चों को कंधे पर उठाकर धूप से बचाने की जद्दोजहद करते दिखे।

पेयजल की किल्लत के बीच दर्शन मार्ग पर महंगे दामों पर पानी की बोतलें बिकती नजर आईं, जिस पर श्रद्धालुओं ने प्रशासन से निशुल्क पेयजल व्यवस्था की मांग की। दूसरी ओर, जब इस अव्यवस्था को लेकर मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।



# दोपहर में सर्दी का एहसास

## सुबह-रात गर्म कपड़ों का सहारा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** दीपोत्सव पर्व बीतने के साथ ही अब सर्दी ने दस्तक दे दी है। इन दिनों दिन और रात के तापमान में दोगुना अंतर है। दिन का तापमान जहां 30 डिग्री दर्ज किया गया तो रात का तापमान 15 डिग्री से भी नीचे जा चुका है। मौसम विभाग की माने तो दो से तीन दिनों में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। नवंबर आधा बीतने के साथ ही गर्मी का मौसम भी अब बिदाई की बेला में नजर आ रहा है। कुछ दिन पहले तक जहां लोग दोपहर में जहां गर्मी से परेशान हो रहे थे तो शाम को ठंडक का एहसास हो रहा था। लेकिन दो दिनों से मौसम पूरी तरह सर्द होता दिखाई दे रहा है।

# अपनापन यहां खींच लाता है: गेहलोत

**पूर्व राज्यपाल व पूर्व सांसद के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, विधायक अरूण भीमावद के आह्वान पर जुटे हजारों कार्यकर्ता**

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** शाजापुर शहर से मेरा बहुत पुराना नाता है। वरिष्ठ नेतृत्व ने यहीं के विकास का जिम्मा मुझे सौंपा था। जिसे मैने निभाने का प्रयास किया। आप लोगों की आत्मीयता और अपनापन ही ऐसा है कि मैं कहीं भी रहूं आपका स्नेह मुझे हमेशा यहां खिंच लाता है।

यह बात कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल व शाजापुर-देवास लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद थावरचंद गेहलोत ने बेरछा रोड स्थित एक निजी गार्डन में आयोजित अपने नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि यहां की जनता ने सांसद के रूप में मुझे यहां कार्य करने का अवसर दिया। तभी से आप लोगों से आत्मीयता ऐसी जुड़ी की मैं यहां आने के लिए हमेशा लालायित रहता हूं। आज भी इतने लोगों की उपस्थिति इसका प्रमाण है कि हमारा शाजापुर



विकास के क्षेत्र में भले ही निरंतर प्रगति कर रहा हो, लेकिन आप लोगों की आत्मीयता भी उसी गति से बढ़ रही है।

### जनकल्याण में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दें

उन्होंने कहा कि अरूण भीमावद के नेतृत्व में शाजापुर विधानसभा मैं जो विकास कार्यों का सिलसिला शुरू हुआ है उसमें मुझसे जो भी सहयोग हो सकेगा मैं उसे अपना सोभाग्य मानकर हमेशा आप लोगों के साथ रहूंगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं से आह्वान किया कि देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें। इस वाक्य को अपना ध्येय बनाएं और इसे अपने जीवन में उतारते हुए जनकल्याण में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दें।

### गेहलोत से मिला अपनेपन से मार्गदर्शन : भीमावद

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरूण भीमावद ने कहा कि गेहलोत से मेरी जब भी मुलाकात हुई। उन्होंने हमेशा अपनेपन से मुझे मार्गदर्शन दिया। इसी का परिणाम है कि आज इस क्षेत्र के विकास का मुझे अवसर मिला। जिसे मैं अपनी पूरी निष्ठा से निभा पा रहा हूं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इदरसिंह परमार, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसौदिया, जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, उज्जैन के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम बंसल, भूपेंद्रसिंह मेढ़ा, भाजपा जिला मंत्री उमेश टेलर, पूर्व विधायक जसवंतसिंह हाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन मंचासीन थे।

### 87 धर्मशालाओं का किया लोकार्पण

नागरिक अभिनंदन समारोह में पूर्व राज्यपाल श्री गेहलोत की उपस्थिति में 87 धर्मशालाओं का लोकार्पण किया गया। जहां अब विभिन्न समाजों द्वारा अपने मांगलिक आयोजन किए जा सकेंगे। इस उपलब्धि पर उपस्थित नगरवासियों, भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए गेहलोत व भीमावद का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिनमें भारी उत्साह देखने को मिला।

# 275 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन, 19 को कंस का वध



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** नगर में 19 नवंबर को 275 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन किया जाएगा और इस दिन कंस वधोत्सव मनाया जाएगा। इस परंपरा के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उज्जैन में तैयार किया गया कंस का पुतला शाजापुर पहुंच गया है। सोमवारिया बाजार स्थित कंस चौराहे पर मंच बनाकर पुतले को स्थापित किया गया है।

कंस वधोत्सव समिति के संयोजक तुलसीराम भावसार ने बताया कि शाजापुर में 275 साल से कंस वधोत्सव मनाया जा रहा है। इस साल भी उज्जैन के कलाकार ने कंस का पुतला तैयार किया है। निर्माण पूरा होने के बाद इसे शाजापुर लाया गया। उन्होंने बताया कि कंस दशमी पर 19 नवंबर की रात 8.30 बजे श्री बालवीर हनुमान मंदिर परिसर से चल समारोह निकलेगा। यह नगर के प्रमुख रास्तों से होते हुए रात करीब 11 बजे कंस चौराहे पर पहुंचेगा। कंस चौराहे पर देव और दानव का रूप धारण किए कलाकारों के बीच परंपरागत वाकयुद्ध होगा। इसके बाद रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण किए कलाकार कंस का वध करेंगे। वध के बाद कंस के पुतले को मंच से नीचे गिराया जाएगा और फिर गवली समाज के युवा परंपरा के अनुसार पुतले को लाठियों से पीटते हुए आगे ले जाएंगे।

**टीआई दिलीप पुरी हत्याकांड में पाटेंद्र जायसवाल गिरफ्तार**
**न्यायालय में सरेंडर करने पहुँचा था आरोपी**

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** खातेगांव थाना प्रभारी टीआई दिलीप पुरी की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार शाम आरोपी पाटेंद्र जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। जायसवाल देवास कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचा था, लेकिन कोर्ट ने उसे खातेगांव में सरेंडर करने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट परिसर से ही गिरफ्तार कर लिया और खातेगांव ले गई। मीडिया से चर्चा में जायसवाल ने कहा कि वह घटना के बाद बहुत डर गया था और यह दुखद घटनाक्रम है। उसने खुद को इस मामले में दोषी मानने से इनकार किया। उसने कहा कि दुकान का लाइसेंस उसके नाम पर था, लेकिन मामले से उसका कोई लेना-देना नहीं है। उसे दुकान के बारे में जानकारी नहीं है और उसने आज तक दुकान नहीं देखी। इस हत्याकांड में इससे पहले आठ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# सेवा कार्यों के साथ मनाई गई स्व. हेमंत टेलर की जयंती, कई कार्यक्रम हुए

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**शाजापुर।** 90 के दशक के राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी योद्धा, बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक एवं ओजस्वी समाजसेवी स्व. हेमंत टेलर की जयंती के अवसर पर 11 नवंबर को शाजापुर में विभिन्न सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अखंड आश्रम में निराश्रितों एवं निशक्तजनों को ससम्मान



भोजन कराया गया, तत्पश्चात जिला चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों को फल एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं समाज जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्व. हेमंत टेलर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्व. श्री टेलर के पुत्र एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने स्व. टेलर के बताए मार्ग पर चलने की बात कही।कहा क्किकार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिला मंत्री उमेश टेलर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष हर्ष मंडलोई, महेश भावसार, अशोक सोलंकी, अशोक पांचाल, अशोक जाधव, दीपक चौहान, भूपेंद्र मेढ़ा, विकास श्रीवास्तव, प्रशांत चौहान, मुकेश सोलंकी, रामचंद्र भावसार सहित तमाम जनप्रतिनिधि, मां हरसिद्धि भक्त मंडल के सदस्य, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, परिजन और बड़ी संख्या में समाज जन व मित्रगण उपस्थित रहे।

**आयोजन** | **20 नवंबर तक मनाया जा रहा गौरव सप्ताह, 15 को निकलेगा जुलूस**

# गौरव दिवस के रुप में मनेगी बिरसा मुंडा जयंती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देवास जिले सहित पूरे मप्र में 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिलाध्यक्ष पिंकी बारेला ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान डॉ. सेंधव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की गई।

### स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

उन्होने बताया कि कार्यक्रमों की श्रंखला में




14 नवंबर को जिले की प्रत्येक विधानसभा के दो प्रमुख स्थानों पर जनजातीय महानायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्ज्वलन एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. सेंधव ने बताया कि 15 नवंबर को प्रातः 11 बजे बागली स्थित सांदीपनी स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव प्रसारण होगाए जिसके माध्यम से वे कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात भव्य समारोह एवं जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने जिलेभर के समस्त वनवासी बंधुओं एवं आम नागरिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए सभी को सादर आमंत्रित किया। इसी प्रकार 16 एवं 17 नवंबर को जनजातीय छात्रावासों में संपर्क अभियान चलाकर युवाओं एवं विद्यार्थियों से संवाद किया जाएगा। 18 से 20 नवंबर तक पूर्व एवं वर्तमान सांसदए विधायक तथा प्रदेश पदाधिकारी जनजातीय अंचलों में जनजातीय गौरव चौपाल आयोजित कर समाज के लोगों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। डॉ. सेंधव ने बताया कि जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत जनजातीय महानायकों के सम्मान में प्रमुख भवनों, सड़कों, चौराहों, पार्कों एवं सर्किलों का नामकरण करने तथा प्रमुख पार्कों में जनजातीय नायक-नायिकाओं की प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना भी है। पिंकी बारेला ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहासए संस्कृतिए परंपराओं और वीर महापुरुषों के बलिदान को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजातीय समाज के अनेक महापुरुषों ने देश की आजादी और समाज के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री विजय सिंह पवार, जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान उपस्थित रहे।

# बच्चों के साथ मनाया मित्राय सोशल वेलफेयर सोसायटी का स्थापना दिवस

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में मित्राय सोशल वेलफेयर सोसायटी ने अपना 9वां स्थापना दिवस सेवा बस्ती के बच्चों के साथ खुशियां बांटकर मनाया। उक्त जानकारी देते हुए सदस्य शुभी जोशी ने बताया कि इस अवसर पर सोसायटी के सदस्यों ने बच्चों को रेस्टोरेंट में स्नेहपूर्वक भोजन कराया तथा उपहार भेंट कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य गुरुदेव अरुण तिवारी, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री आशीष झाला एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रजत पाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराया तथा उन्हें उपहार वितरित किए। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने



को मिला। सोसायटी का उद्देश्य स्थापना काल से ही सेवा, सहयोग और समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाना रहा है।

### जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करें

सदस्यों ने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी तभी सार्थक होती है, जब हम जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करें और उनके जीवन में भी आनंद के पल लेकर आएं। कार्यक्रम के माध्यम से सोसायटी ने सेवा और सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया। चयन कानूनगो ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# निकल पड़े राजा साहब, रामलला के काम को

## दिग्विजय बोले-राजमाता मुझे जनसंघ में लाना चाहती थीं, मैंने कांग्रेस चुनी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर




**गुना।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' आरोन से होते हुए अशोकनगर जिले में प्रवेश कर गई है। यात्रा के दौरान उन्होंने ग्राम सोवत में रात्रि विश्राम किया, जहां स्थानीय कांग्रेस नेताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर इंजीनियर हरिबाबू राय सहित अशोकनगर जिले के तमाम वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ दिग्विजय सिंह और उनकी यात्रा की अगवानी की।

यात्रा के स्वागत के दौरान दिग्विजय सिंह के समर्थक पं. रामचरण शर्मा (खामखेड़ा वाले) ने अपनी ओजस्वी कविता पाठ से सभा में समां बांध दिया। उन्होंने अपने काव्य पाठ के जरिए दिग्विजय सिंह का अभिनंदन करते हुए कहा, सादर अभिनंदन यहां आपका, मन पुष्पों से करें स्वागत श्री राघौवंश के नंदन का... महाकाल बाबा की चौखट से श्री दशरथ नंदन धाम को, निकल पड़े हैं राजा साहब, श्री रामलला के काम को। उनकी इन पंक्तियों पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ जोरदार स्वागत किया।

### राजमाता चाहती थीं मैं जनसंघ में आऊं...

ग्राम सोवत में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने अपने पुराने दिनों को याद किया और बताया कि 1970 के दशक में सोवत राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र का ही हिस्सा हुआ करता था। 80 वर्ष की आयु में पदयात्रा करने के सवाल पर उन्होंने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि 1972 में जब वे राजनीति में आए, तब राजमाता सिंधिया और जनसंघ उन्हें अपने दल में शामिल करना चाहते थे, जबकि गोविंद नारायण सिंह उन्हें कांग्रेस में लाने के इच्छुक थे। दिग्विजय सिंह के अनुसार, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ महात्मा गांधी, बाबा साहब अम्बेडकर और रामधारी सिंह दिनकर के साहित्य का अध्ययन किया, जिसके बाद उन्हें जनसंघ की विचारधारा रास नहीं आई और उन्होंने सर्वधर्म समभाव वाली कांग्रेस की विचारधारा को चुना।

# नेपाल के बिछड़े बुजुर्ग को मिला अपना परिवार, कलेक्टर ने किया सम्मानित

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**गुना।** शहर के समाजसेवी प्रमोद भार्गव की मानवीय पहल से करीब एक महीने पहले रास्ता भटककर भारत पहुंचे नेपाल के बुजुर्ग ईश्वरीय खडायत को उनका परिवार मिल गया है। शुक्रवार को नेपाल से पहुंचे उनके परिजन उन्हें सकुशल अपने साथ स्वदेश ले गए।

जानकारी के अनुसार, नेपाल के कंचनपुर जिले की शुक्लाफांटा नगरपालिका निवासी ईश्वरीय खडायत अपने बेटे के पास बेंगलुरु जा रहे थे। उनका एक बेटा मलेशिया और दूसरा बेंगलुरु में नौकरी करता है। सफर के दौरान वे रास्ता भटक गए और परिजनों से उनका संपर्क टूट गया। परिवार वालों ने मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच गुना में समाजसेवी प्रमोद भार्गव की नजर इन बुजुर्ग पर पड़ी। उन्होंने बुजुर्ग को अपने पास रखा और आत्मीयता से बातचीत कर उनके पते की जानकारी जुटाई। इसके बाद उन्होंने कंचनपुर के एक स्थानीय पत्रकार की मदद से बुजुर्ग के परिजनों का पता लगाया और उनकी वीडियो कॉल पर बात करवाई। खबर मिलते ही शुक्रवार को उनके पोते शुभम खडायत, संतोष खडायत और दामाद खड़क सिंह कुंवर गुना पहुंचे। इस मामले की सूचना मिलने पर गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बुजुर्ग का माला पहनाकर सम्मान किया और उन्हें नेपाल के लिए विदा किया। इस दौरान भार्गव लगातार नेपाल दूतावास के संपर्क में भी रहे। गौरतलब है कि प्रमोद भार्गव इससे पहले भी भटककर आए कई नेपाली नागरिकों को उनके परिवारों से मिलवा चुके हैं।



# सहायक संचालक ने पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के सहायक संचालक एच. एन.नेमा ने पी एम श्री विद्यालय क्रमांक 04 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सायकिल वितरण,पुस्तक वितरण,मध्यान्ह भोजन,शौचालय,एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित मेंहदी,रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों से कहा कि हमे पुराने ढर्रे पर नहीं चलना है,कुछ नया करके दिखाना है।समाज के वंचित विद्यार्थियों को शाला तक लाना है और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना है।शिक्षक के कार्य को समयसीमा में नहीं बाँधे,आवश्यकता पड़ने पर 24 घंटे विद्यालय हित के कार्यों में सहभागी बने। विद्यार्थियों को विद्यालय लाना,उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने शाला की अकादमिक व्यवस्थाओं को देखा,शिक्षकों से बात कर उन्हें नवाचार करने और नई नई शिक्षण विधियों से अध्यापन कराने को कहा। इस दौरान उनके साथ अनिल खंतवाल, शाला प्रधानाध्यापक गायत्री पंत,शिवकुमार शर्मा,सहित शाला का स्टाफ उपस्थित रहा।

# बाल विवाह किया तो होगी दंडात्मक कानूनी कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना में जागरूकता कार्यशाला संपन्न हुई, जिसका संचालन शिक्षिका डॉ. मधु मीना ने किया।

कार्यशाला में सहायक संचालक दिनेश चंदेल ने छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कानून के तहत लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित है। इस नियम का उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक के कठोर कारावास और एक लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कानून के दायरे में न केवल माता-पिता बल्कि विवाह में शामिल होने वाले रिश्तेदार, पंडित, काजी, हलवाई, बैंड-बाजे और मैरिज गार्डन संचालक भी आते हैं। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्पलाइन 100 या 112 सहित जिले व ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारियों, पटवारी, पंचायत सचिव या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दी जा सकती है, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजली खडगी ने बताया कि जिले में रैली, नुक्कड़ नाटक और संगोष्ठियों के माध्यम से भी अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य संजय कुमार जैन ने सभी बालिकाओं को बाल विवाह न करने और समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शिक्षिका प्रेमिका पंत और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शिवहरे उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 15 को

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 15 नवंबर रविवार को प्रातः 11:00 बजे स्थानीय जैन भवन शांतिनाथ मंदिर के सामने रखी गई है।

उक्त जानकारी सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामेंद्र सिंह का गरिमामय सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में सोसायटी के कार्यों, आगामी योजनाओं एवं सेवा कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के समस्त आजीवन सदस्यों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपने अमूल्य सुझावों एवं सहभागिता से वार्षिक साधारण सभा की बैठक को सफल एवं सार्थक बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। कार्यक्रम उपरांत स्नेह भोज रहेगा।

# होमगार्ड और गोसेवकों की तत्परता से बची बेजुबान की जान



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** पुलिस प्रशासन और समाजसेवियों के बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई से एक बेजुबान की जान बच गई। कैंट थाना क्षेत्र के गुलाबगंज कलारी के पास स्थित करीब 50 फीट गहरे कुएं में गिरे गाय के बछड़े को होमगार्ड जवानों और गोसेवकों की संयुक्त टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

यह घटना बुधवार 12 नवंबर की शाम करीब 6 बजे की है। बछड़े के कुएं में गिरने की सूचना मिलते ही स्थानीय गोसेवक तत्काल मौके पर पहुंच गए, लेकिन कुआं अत्यधिक गहरा होने के कारण स्वयं बछड़े को निकाल पाना संभव नहीं था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत पुलिस और होमगार्ड से सहायता मांगी। सूचना मिलते ही होमगार्ड कमांडेंट ने बिना समय गंवाए जवानों को घटनास्थल के लिए रवाना किया। शाम ढलने के कारण मौके पर अंधेरा छा चुका था, जिससे बचाव कार्य में काफी कठिनाई आई। इसके बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी और टॉर्च की रोशनी व रस्सियों के सहारे कुएं में उतरकर बछड़े को सकुशल बाहर निकाल लिया। समय पर मिली मदद से एक बड़ा हादसा टल गया और बछड़े को नया जीवन मिला गया है।

# 223 एबिल इंजेक्शन एवं 7 ग्राम स्मैक सहित एक गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को लगातार निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 07 ग्राम स्मैक (हीरोइन) एवं 223 एबिल इंजेक्शन सहित कुल रु. 55,000 का मशरूका जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कालू उर्फ सलीम खान पिता आबिद खान निवासी रामपुर मोहल्ला, अशोकनगर, गुना रोड स्थित लक्ष्मी ढाबा के पीछे एक बैग में मादक पदार्थ स्मैक छिपाकर विक्रय करने के उद्देश्य से बैठा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा कालू उर्फ सलीम खान की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 07 ग्राम स्मैक (हीरोइन) एवं 223 एबिल इंजेक्शन बरामद हुए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 55,000 रुपये थी।

### दर्ज हुआ प्रकरण

पुलिस द्वारा उक्त मशरूका विधिवत जप्त कर आरोपी कालू उर्फ सलीम खान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 720/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 18(सी) औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, उनि जंग बहादुर सिंह तोमर, प्रआर दिनेश कुशवाह, आरक्षक अभयराज रघुवंशी, आरक्षक गौरव रघुवंशी, आरक्षक देवेन्द्र सेंगर, आरक्षक महेश बघेल, आरक्षक रमेश बारेला, आरक्षक निशांत छारी एवं महिला आरक्षक प्रतीक्षा रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के अनुसार अशोकनगर पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं नशे के अवैध कारोबार करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# 45 तीर्थयात्रियों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में मिला रामेश्वरम यात्रा का अवसर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सेतुबंध रामेश्वरम की तीर्थयात्रा पर जाने वाले यात्रियों को आज नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

योजना के तहत कुल 196 तीर्थयात्रियों के टिकट जारी हुए हैं, जिनमें अशोकनगर नगर के 45 तीर्थयात्रियों को यात्रा का अवसर प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने उपस्थित तीर्थयात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अत्यंत सराहनीय एवं जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से ऐसे बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नागरिक, जो आर्थिक या अन्य कारणों से स्वयं तीर्थस्थलों के दर्शन करने नहीं जा पाते, उन्हें शासन की ओर से तीर्थयात्रा का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह योजना बुजुर्गों की तीर्थ दर्शन की इच्छा को पूरा करने का सराहनीय प्रयास है।

# मेमू ट्रेन की लेटलतीफी से छूटी इंदौर ट्रेन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** बीना से रुठियाई तक चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 61611 की लेटलतीफी एक बार फिर सैकड़ों यात्रियों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई। मेमू ट्रेन के घंटों विलंब से रुठियाई पहुंचने के कारण इंदौर जाने वाली कोटा-इंदौर एक्सप्रेस संख्या 22983 छूट गई। इससे पहले से आरक्षण कराकर यात्रा की तैयारी कर रहे सैकड़ों यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

यात्रियों के वीडियो सामने आने के बाद सुनील आचार्य ने रेल प्रबंधक को इस गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए प्रभावित यात्रियों के आरक्षित टिकट की राशि वापस दिलाने की मांग उठाई है। आचार्य ने कहा कि जब रेलवे बिना टिकट यात्रा करने वालों से जुमार्ना वसूलता है, तो रेलवे की लेटलतीफी से कनेक्टिंग ट्रेन छूटने पर यात्रियों के नुकसान की जिम्मेदारी भी प्रशासन को लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बीना से रुठियाई तक मेमू ट्रेन बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य मुंगावली, पिपरई, रतवास, अशोकनगर, शाढ़ौरा और पगारा क्षेत्र के यात्रियों को इंदौर की कनेक्टिंग सुविधा देना है। लेकिन ट्रेन लेट होने से इस सुविधा का औचित्य ही खत्म हो रहा है। रुठियाई से इंदौर जाने के लिए दिनभर में दूसरी सीधी ट्रेन न होने से मरीजों, मजदूरों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों की इसी ट्रेन पर निर्भरता रहती है। लेटलतीफी के कारण यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक भागना पड़ता है, जिससे हादसे का डर बना रहता है। उन्होंने मांग की है कि मेमू का समय कोटा-इंदौर ट्रेन के प्रस्थान को ध्यान में रखकर तय किया जाए।

# श्री हनुमान टेकरी धाम पर अन्नकूट आज

**गुना।** जिले के प्रसिद्ध श्री हनुमान टेकरी धाम पर 14 नवंबर शनिवार को विशाल अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के तहत टेकरी सरकार का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे और पूरे मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी।

इस वर्ष करीब 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी तैयार की जा रही है, जिसमें 7 हजार पैक थालियां भी शामिल रहेंगी। भक्तों की सुविधा के लिए बड़ा टेंट लगाया गया है और वितरण के लिए अलग काउंटर बनाए गए हैं। दोपहर 3 बजे महाआरती के बाद शाम 5 बजे से बुफे व्यवस्था के साथ अन्नकूट प्रसादी का वितरण शुरू होगा। सुरक्षा व व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

# श्रीरामलीला उत्सव का भव्य शुभारंभ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुना के दशहरा मैदान के सामने स्थित बीज निगम मैदान में श्रीरामलीला उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ है।

16 नवंबर तक चलने वाले इस पांच दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन में प्रतिदिन शाम 7 बजे से श्रीरामकथा के विभिन्न प्रसंगों का सजीव और भावपूर्ण मंचन किया जा रहा है, जिसमें प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने संबोधन में कहा कि इन प्रतिभाशाली कलाकारों की प्रस्तुतियां इतनी आकर्षक हैं कि एक बार देखने के बाद पूरे पाँच दिनों तक लीलाएँ देखने का मन करता है। उन्होंने इसे गुना जिले के लिए बड़े सौभाग्य की बात बताते हुए कहा कि यह उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और धार्मिक आस्था से जुड़ने का एक विशेष अवसर है। कलेक्टर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे परिवार और बच्चों के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन का आनंद लें। उत्सव के दौरान प्रतिदिन तय कार्यक्रमों के अनुसार प्रसंगों का मंचन हो रहा है, जिसमें 12 नवंबर को शंकर विवाह, श्रीराम जन्म, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार; 13 नवंबर को धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वनगमन और केवट प्रसंग; तथा 14 नवंबर को दशरथ-देवलोक गमन, भरत मिलाप और सीता हरण की लीलाएँ प्रदर्शित की गईं।

# द्वारकाधीश मंदिर में भव्य अन्नकूट महोत्सव संपन्न

**गुना।** शहर के नजदीक ग्राम पिपरौदा खुर्द स्थित भगवान द्वारकाधीश मंदिर पर भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रकाश टॉकीज परिवार के रतन कुमार सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी और रवि सोनी सहित पूरे परिवार द्वारा किया गया था। इस अवसर पर भगवान द्वारकाधीश का आकर्षक महाश्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग अर्पित हुआ। आयोजकों के मुताबिक यह धार्मिक आयोजन स्वर्गीय आलमचंद सोनी की प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से निरंतर परंपरागत रूप से किया जा रहा है, जिसमें प्रकाश टॉकीज परिवार का सदैव सहयोग रहता है। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधु, महिलाएं और ग्रामीण एकत्रित हुए।

# ट्रेनी आईपीएस और उनके पिता से मारपीट का मामला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** शहर के ख्यावदा चौराहे के पास ट्रेनी आईपीएस अधिकारी मानव जैन और उनके पिता जितेंद्र जैन के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस की कार्रवाई अभी तक अधूरी है।

घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी इस वारदात में शामिल चार मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश देने का दावा किया जा रहा है।

मामला बीते 8 नवम्बर का है। जानकारी के अनुसार, ट्रेनी आईपीएस मानव जैन और उनके पिता जितेंद्र जैन पठार मोहल्ला स्थित अपने आवास से बाजार की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे ख्यावदा चौराहे के पास पहुंचे, वहां सड़क पर कुछ लोग पटाखे चला रहे थे, जिससे रास्ता जाम हो गया था। स्कूटर के पास पटाखा चलाने पर जब मानव जैन और उनके पिता जितेंद्र जैन ने आपत्ति जताई और ऐसा करने से मना किया, तो वहां मौजूद आरोपी भड़क गए और दोनों पिता-पुत्र के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुल सात आरोपियों-दिनेश ग्वाल, कृष्णा ग्वाल, देवेंद्र ग्वाल, विशाल पाल, नितिन ग्वाल, नीरज पाल और देवेंद्र अहिरवार के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की थी।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)